kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-156 ❑ मंगलवार, 08 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष में हिंदू समाज में धर्म जागरण और बुराइयों को दूर करने को लेकर देशभर में मंडल और गांव स्तार पर एक लाख से अधिक जगहों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सुनील आंबेकर

शेयर बाजार को लेकर राहुल भय फैला रहे हैं : भाजपा 11

बिहार पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण 12

## संक्षेप

### बरेली में जिला सहकारी बैंक में 1.31 करोड़ का गबन, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सहकारी बैंक की फरीदपुर सायंकालीन शाखा में करीब 1.31 करोड़ रुपये की गबन की साजिश में दो शाखा प्रबंधक और दो कैशियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के उप महाप्रबन्धक अंकित कुमार और वरिष्ठ सहायक प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह चौहान ने फरीदपुर थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि जिला सहकारी बैंक फरीदपुर शाखा सायंकालीन में कार्यरत रहे चन्द्र प्रकाश, लिपिक/कैशियर, दीपक पाण्डे, लिपिक/कैशियर, मुकेश कुमार गंगवार, शाखा प्रबन्धक व गौरव वर्मा, शाखा प्रबन्धक ने मिलकर किसान सम्मान निधि में हेराफ़ेरी कर घोटाला किया है। आंतरिक जांच में दोषी पाए जाने पर चिन्हित कर्मियों को निलंबित किया गया है। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शाहजहांपुर के एक किसान ने शिकायत की थी कि उसको प्राप्त होने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि त्रुटिवश आपकी बैंक की सायं कालीन शाखा फरीदपुर में आ गयी है। उक्त का संज्ञान लेते हुए 16 मई को फरीदपुर सायं कालीन शाखा का औचक भ्रमण किया गया जिसमें 21 ऐसे विवादित खाते निकल कर आये। इस पर बैंक ने 23 मई को प्रकरण की विस्तृत जांच का आदेश किया था।

### मुख्य सचिव समेत आला नौकरशाह पहुंचे नियामक आयोग, निजीकरण पर चर्चा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष और अन्य अधिकारी सोमवार को नियामक आयोग के दफ्तर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक लंबी चर्चा के दौरान बिजली की नई दरों के अलावा निजीकरण चर्चा का मुख्य एजेंडा रहा। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस बैठक को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस बैठक के बहाने आयोग पर निजीकरण के मसौदे पर सहमति देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है क्योंकि आयोग पिछले मसौदे पर तमाम आपत्तियां लगाकर ऊर्जा विभाग को वापस कर चुका है। यूपी में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के तहत आने वाले 42 जिलों के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है।

इसके पहले मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में प्रस्तावित टेंडर मसौदा स्वीकृत होने के बाद ऊर्जा विभाग ने नियामक आयोग को अभिमत के लिए भेजा था। आयोग ने प्रस्तावित मसौदे पर तमाम आपत्तियां लगाते हुए मसौदा ऊर्जा विभाग को वापस कर दिया था और पावर कॉरपोरेशन आपत्तियों के जवाब तैयार कर रहा था। सूत्र बताते हैं कि आपत्तियों पर जवाब तैयार हो चुके हैं। मसौदा दोबारा आयोग भेजा जाना है और उसके पहले सोमवार को आला अधिकारी आयोग बातचीत के लिए पहुंचे थे। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अधिकारियों का इस तरह आयोग पहुंचना संवैधानिक संस्था की गरिमा के विपरीत है।

# शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि 'भ्रम' है : राजनाथ

## हर वक्त युद्ध के लिए तैयार रहें, राजनाथ सिंह की रक्षा अधिकारियों को नसीहत

एजेंसी

❑ ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचा

❑ रक्षा क्षेत्र को अब प्रभावशाली आर्थिक निवेश के रूप में देखा जा रहा है : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने साफ कहा कि शांति का समय सिर्फ दिखावटी होता है, असल में कभी भी हालात बदल सकते हैं। इसलिए देश को हर वक्त सतर्क और तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में जो साहस दिखाया, उसने पूरी दुनिया में भारत के रक्षा क्षेत्र की साख बढ़ा दी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में अब ज्यादातर रक्षा उपकरण देश में ही बनाए जा रहे हैं। पहले हम कई जरूरी हथियार और उपकरण विदेश से मंगवाते थे, लेकिन अब देश में ही आधुनिक हथियार बनने लगे हैं। इससे न सिर्फ हमारी सेना मजबूत हो रही है, बल्कि दुनियाभर में भारत के रक्षा उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जो साहस और रणनीति दिखाई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचा। देश में बने हथियारों और मंचो की मजबूती देखकर कई देशों ने भारत के रक्षा उत्पाद खरीदने में रुचि दिखाई है। यह हमारी आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे माहौल कितना भी शांत क्यों न लगे, लेकिन हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। कोई भी अप्रत्याशित घटना कभी भी हो सकती है। इसलिए सेना से लेकर रक्षा मंत्रालय तक, सभी को अपने आर्थिक और सैन्य ढांचे को ऐसा बनाना होगा कि कभी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि रक्षा खर्च को सिर्फ खर्च न समझा जाए, बल्कि इसे देश के विकास का एक बड़ा निवेश माना जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया में सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। ऐसे में भारत में रक्षा उद्योग के लिए बड़े मौके हैं। यह क्षेत्र अब देश की अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहा है। रक्षा मंत्री ने रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे खुद को सिर्फ 'नियंत्रक' न समझें, बल्कि 'सहायक' की भूमिका निभाएं। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के



साथ उन्हें और अधिक लचीला और तेज बनना होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ बाहरी जांच पर निर्भर न रहें, बल्कि खुद की आंतरिक समीक्षा करें, तभी रक्षा मंत्रालय और देश की सुरक्षा प्रणाली और मजबूत हो सकेगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में हथियारों से संबंधित निवेश के बढने से रक्षा क्षेत्र के अर्थशास्त्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आज के दौर में जब हथियारों और इससे संबंधित निवेश में तेजी से वृद्धि हो रही है तो हमें रक्षा अर्थशास्त्र पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है। आज अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित लगभग सभी बड़े देश रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ा रहे हैं। ऐसे में रक्षा अर्थशास्त्र का महत्व भी बढ जाता है। उन्होंने कहा कि अब रक्षा क्षेत्र केवल आवश्यक व्यय नहीं रह गया है बल्कि यह आर्थिक निवेश की तरह देखा जा रहा है जिसका अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र ने केवल स्वयं वृद्धि कर रहा है बल्कि दूसरे क्षेत्रों में बढोतरी में भी योगदान दे रहा है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि सैनिकों की वीरता और स्वदेशी हथियारों की क्षमता के प्रदर्शन ने स्वदेशी उत्पादों की वैश्विक मांग को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र को नए सम्मान के साथ देख रही है। वित्तीय प्रक्रियाओं में जरा भी देरी या त्रुटि सीधे परिचालन तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि रक्षा परिदृश्य में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ तालमेल बैठाते हुए रक्षा लेखा विभाग को 'नियंत्रक' से 'सुविधा बढाने वाले' केन्द्र की भूमिका अपनानी चाहिए। रक्षा मंत्री ने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में बढता वैश्विक सैन्य व्यय 2700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है और इससे भारत के स्वदेशी रक्षा ● शेष पेज 11 पर

उपराष्ट्रपति ने न्यायपालिका की गिरती साख पर जताई चिंता

# जस्टिस वर्मा केस में तुरंत कार्रवाई की जरूरत



एजेंसी

❑ कैश कहां से आया, ये जानना जरूरी, जज के घर बोरियों में अधजले नोट मिले थे

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के घर से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि किसी न्यायाधीश के विरूद्ध संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है लेकिन इसे समाधान नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा है कि यह आपराधिक कृत्य है और इस तरह के मामलों में कार्रवाई किया जाना जरूरी है।

श्री धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान कहा, संवैधानिक प्रावधानों के तहत किसी न्यायाधीश के विरुद्ध कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है,लेकिन यह समाधान नहीं है। हम लोकतंत्र होने का दावा करते हैं और वास्तव में हैं भी। दुनिया हमें एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में देखती है,जहाँ कानून का शासन और कानून के समक्ष समानता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका तात्पर्य यह है कि हर अपराध की जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस मामले से संबंधित न्यायाधीश का नाम लिए बिना कहा कि यदि धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह धन किसका है? इस घटनाक्रम में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा,ल्ल मुझे आशा है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा, क्योंकि लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका, जिस पर लोगों का विश्वास अडिग है, आज इस घटना के कारण उसकी नींव डगमगा गई है। यह गढ़ हिल गया है। उप राष्ट्रपति ने शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक 'जूलियस सीज़र' का उल्लेख करते हुए कहा, कैसे एक ज्योतिषी ने सीज़र को उनकी मृत्यु के प्रति चेताया था। जब सीज़र ने कहा 'आइड्स ऑफ मार्च' यानी 15 मार्च आ गया है तो ज्योतिषी ने उत्तर दिया 'हां, लेकिन गया नहीं' और उसी दिन सीज़र की हत्या हो गई। ● शेष पेज 11 पर

# डिप्टी सीएम पर मुकदमा दर्ज करने की मांग खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज़ कर दी है। याचिका में केशव पर फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर पद प्राप्त करने और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, वाली कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता, दिवाकर नाथ त्रिपाठी, न तो पीड़ित हैं और न ही कथित अपराध से प्रभावित हैं। ऐसा लगता है कि याची ने किसी लाभ या बदला लेने के उद्देश्य से याचिका दाखिल की है।

याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने कहा कि याची दिवाकर नाथ त्रिपाठी इस मामले में पीड़ित व्यक्ति नहीं है इसलिए उसे याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। वर्ष 2021 में दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत एक परिवाद



❑ यूपी डिप्टी सीएम को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

दाखिल कर, केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। त्रिपाठी का आरोप था कि मौर्य ने 2007, 2012 और 2014 के चुनावों में चुनाव आयोग के समक्ष अपनी शैक्षिक योग्यताओं के बारे में गलत हलफनामे प्रस्तुत किए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौर्य ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से पेट्रोल पंप हासिल करने के ● शेष पेज 11 पर

# टर्किश कंपनी भारत में एयरपोर्ट पर सर्विस नहीं दे सकेगी

नई दिल्ली। तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उसकी याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में उसने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से मई में एयरपोर्ट सिक्योरिटी क्लीयरेंस रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले को सही ठहराया। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यह फैसला लिया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सेलेबी के विरोध को गलत बताया। दलील दी कि यह मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है। सरकार बिना कोई कारण बताए सुरक्षा मंजूरी रद्द कर सकती है। मेहता ने कहा कि दुश्मन 10 बार कोशिश कर सकता है और एक बार सफल हो सकता है। लेकिन, देश को हर बार सफल होना होगा। एयरपोर्ट और कार्गो हैंडलिंग के ठेके बहुत संवेदनशील होते हैं। कारण है कि कर्मचारियों को एयरपोर्ट के हर कोने की जानकारी होती है। तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी ● शेष पेज 11 पर

# परिषदीय स्कूलों के मर्जर के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को परिषदीय स्कूलों के मर्जर (विलय) मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बड़ी कानूनी राहत दी है। कोर्ट ने सीतापुर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वालों बच्चों व एक अन्य याचिका को खारिज करते हुए हुए कहा कि सरकार ने जो फैसला लिया है वह बच्चों के हित में है। यह भी टिप्पणी की कि ऐसे मामलों में नीतिगत फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती, जब तक कि वह असंवैधानिक या दुर्भावनापूर्ण न हो।

दरअसल, बेसिक शिक्षा विभाग ने 16 जून, 2025 को एक आदेश जारी किया था। इसमें यूपी के हजारों स्कूलों को बच्चों की संख्या के आधार पर नजदीकी उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में मर्ज करने का निर्देश दिया था। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा।





❑ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने योगी सरकार को दी राहत

वहीं सरकार के इस फैसले के खिलाफ सीतापुर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 51 बच्चों की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ में याचिका दायर की गई थी। इसके अलावा एक अन्य याचिका भी मर्जर के खिलाफ दायर थी। दोनों याचिकाओं पर सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूलों के विलय का निर्णय राज्य सरकार की नीतिगत योजना का हिस्सा है और अदालत इस तरह के फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। ऐसे में कोर्ट का यह अहम फैसला सरकार के पक्ष में बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। बताते चलें कि कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसे सोमवार की दोपहर में सुनाया गया।

न्यायालय में दाखिल याचिकाओं पर याचियों ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें कम छात्र संख्या वाले प्राइमरी स्कूलों को उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में मर्ज करने की बात कही गई थी। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) का उल्लंघन बताते हुए आदेश को रद्द करने की मांग की थी। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया गया। वहीं सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि वास्तव में यह ● शेष पेज 11 पर

# सीएम ने जनहानि रोकने के लिए यूपी के लिए पृथक उपग्रह बनाने पर किया मंथन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो।

मुख्यमंत्री के अनुरोध पर इसरो अध्यक्ष डॉ. नारायणन ने आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगे और शीघ्र ही इसका ठोस समाधान निकालने की दिशा में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने सोमवार को मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बीते वर्षों में 300 लोगों की बिजली गिरने



से हुई मृत्यु मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बिजली गिरने की घटनाओं में औसतन 300 लोगों की मृत्यु हुई है। ऐसे में प्रदेश में आपदा जनित जनहानि को रोकने में यह अत्याधुनिक तकनीक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। इस दौरान इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिंग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है।

## सभी जनपदों में नियुक्त किये गए नोडल अधिकारी, आवंटित जनपदों में आज सुबह से ही तैयारी का जायजा लेंगे नोडल अफसर

# योगी अयोध्या और आजमगढ़ में करेंगे पौधरोपण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**महाअभियान**

❑ राज्यपाल बाराबंकी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ, ब्रजेश पाठक लखनऊ में करेंगे पौधरोपण

❑ हर जनपद में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा पौधरोपण

❑ हर विभागों से समन्वय स्थापित कर रहे वन विभाग के अलग-अलग अधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार को पौधरोपण महाभियान-2025 के तहत एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का रिकार्ड बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या और आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। उनके साथ वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक भी रहेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी में पौधरोपण करेंगी। यहां प्रदेश सरकार की तरफ से राज्यमंत्री सतीश शर्मा रहेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ तथा ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाएंगे।

योगी सरकार के मंत्री सभी 75 जिलों में रहेंगे। कैबिनेट, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्रियों को पौधरोपण करने वाले जनपदों में बुधवार को पौधरोपण करना होगा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, सूर्यप्रताप शाही अयोध्या, स्वतंत्र देव सिंह गोरखपुर, बेबीरानी मौर्य अलीगढ़, चौधरी लक्ष्मी नारायण मथुरा, जयवीर सिंह मैनपुरी, धर्मपाल सिंह बरेली, नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' प्रयागराज, अनिल राजभर आजमगढ़, राकेश सचान कानपुर देहात, एके शर्मा जौनपुर, योगेंद्र उपाध्याय आगरा, आशीष पटेल मीरजापुर, डॉ. संजय निषाद अंबेडकरनगर, ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर, दारा सिंह चौहान देवरिया, सुनील कुमार शर्मा गाजियाबाद और अनिल कुमार बिजनौर में पौधरोपण करेंगे।



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल कानपुर नगर, कपिलदेव अग्रवाल मुजफ्फरनगर, रविंद्र जायसवाल वाराणसी, संदीप सिंह एटा, गुलाब देवी संभल, गिरीश यादव प्रतापगढ़, धर्मवीर प्रजापति झांसी, असीम अरुण कन्नौज, जेपीएस राठौर मुरादाबाद, दयाशंकर सिंह बलिया, नरेंद्र कश्यप हापुड़, दिनेश प्रताप सिंह रायबरेली, दयाशंकर मिश्र दयालु चंदौली में पौधरोपण महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

सरकार ने पौधरोपण महाभियान की सफलता के लिए सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नोडल अफसर आवंटित जनपदों में मंगलवार सुबह ही पहुंचकर यहां की सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज प्रयागराज, पेयजल मिशन ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ. राजशेखर वाराणसी, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद जौनपुर, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की सचिव डॉ. पिंकी जोवेल मीरजापुर, सिंचाई विभाग के सचिव जीएस नवीन आजमगढ़, खेल सचिव सुहास एलवाई गोरखपुर, स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा गोंडा, प्रमुख सचिव सिंचाई व जल संसाधन अनिल गर्ग अयोध्या, सचिव बेसिक शिक्षा सारिका मोहन बाराबंकी, प्रमुख सचिव (चिकित्सा स्वास्थ्य) पार्थसारथी सेन शर्मा लखनऊ, आवास आयुक्त बलकार सिंह मेरठ, प्रमुख सचिव (नगर विकास) अमृत अभिजात गााजियाबाद, प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) मुकेश मेश्राम नोएडा के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा भी अन्य सभी जनपदों में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

पौधरोपण महाभियान-2025 की सफलता के लिए वन विभाग के अधिकारी सभी विभागों/मंत्रालयों से समन्वय स्थापित कर रहे हैं। महाप्रबंधक उत्पादन (वन निगम) संजय कुमार को ग्राम्य विकास, पंचायती राज, उद्यान व रेशम विभाग से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रोजेक्ट टाइगर) ललित वर्मा लोक निर्माण, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, महाप्रबंधक (कार्मिक) उप्र वन निगम सुजॉय बनर्जी रेलवे, पशुपालन, सहकारिता विभाग से को-ऑर्डिनेशन कर रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक (ईको विकास) नीरज कुमार जलशक्ति, सिंचाई व जल संसाधन, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति, राजस्व, पर्यावरण तथा आवास विकास विभाग से पौधरोपण के लिए समन्वय स्थापित कर रहे हैं। मुख्य वन संरक्षक (परियोजना) डॉ. के इलांगो को कृषि, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन, ऊर्जा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य वन संरक्षक ● शेष पेज 11 पर

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिर खारिज की डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ फर्जी डिग्री वाली याचिका

**यह याचिका पूर्व भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने दाखिल की थी।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की शैक्षणिक डिग्री को फर्जी बताकर दायर की गई पुनर्विचार याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर खारिज कर दिया है। जस्टिस संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया, जिससे डिप्टी सीएम को बड़ी राहत मिली है।यह याचिका पूर्व भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने दाखिल की थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि केशव प्रसाद मौर्य ने हिंदी साहित्य सम्मेलन की फर्जी डिग्री के आधार पर अब तक पांच अलग-अलग चुनाव लड़े और इसी आधार पर कौशांबी में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से पेट्रोल पंप भी हासिल किया।याचिका में कहा गया कि डिप्टी सीएम ने साल 2014 के लोकसभा चुनाव में हलफनामे में अपनी डिग्री का वर्ष 1997 बताया, जबकि 2007 के विधानसभा चुनाव में यही डिग्री 1998 में प्राप्त बताई। इसी तरह 2012 और 2014 के चुनावों में हलफनामों में डिग्री का वर्ष अलग-अलग दर्शाया गया। आरोप है कि हिंदी साहित्य सम्मेलन स्नातक स्तर यानी उइ की डिग्री नहीं देता, जबकि हलफनामों में उसे उइ समकक्ष बताया गया।सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने अधीनस्थ अदालत में गलत तथ्य रखे और आरोपों में ऐसा कोई अपराध नहीं बनता जिसकी विवेचना की जाए। कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था और आज पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया।बता दें, इसी मामले में हाईकोर्ट पहले भी दिवाकर नाथ त्रिपाठी की याचिका खारिज कर चुका था, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए दोबारा सुनवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद अप्रैल में पुनर्विचार याचिका स्वीकार हुई और आज उसका फैसला आया है।दिवाकर नाथ त्रिपाठी का कहना है कि उन्होंने जिला प्रशासन, यूपी सरकार और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में भी इस संबंध में शिकायत की, मगर कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए वे कानूनी रास्ता चुनने को मजबूर हुए।फिलहाल हाईकोर्ट के ताज़ा फैसले से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन याचिकाकर्ता अब आगे की कानूनी कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं।

# प्रयागराज में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारी तेज

**मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को दिए अवाश्यक निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी कार्यालय के संगम सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में और डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में जिला गंगा वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान 2025 की व्यापक तैयारियों की समीक्षा करना था।बैठक में जनपद के सभी 26 राजकीय विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। डीएफओ अरविंद कुमार यादव ने सभी विभागों को अब तक किए गए वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद प्रयागराज में निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपीं।मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने सभी विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए वृक्षारोपण महा अभियान को महोत्सव के रूप में मनाने और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करे ताकि पर्यावरण संरक्षण की इस महत्वपूर्ण मुहिम को सफलता मिल सके।बैठक में वृक्षारोपण को जनांदोलन बनाने, पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी तय करने और अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने के भी निर्देश दिए गए।प्रयागराज प्रशासन इस महा अभियान के तहत जिले में अधिक से अधिक पौधारोपण कर 'हरित प्रयागराज' की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के0जी0एम0यू0) के ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया। इसके बाद मरीजों से भेंटकर उनके स्वास्थ्य का कुशलक्षेम जाना एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। केजीएमयू में विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक कर बेहतर जनस्वास्थ्य सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।इससे पहले ब्रजेश पाठक केजीएमयू के गांधी वार्ड पहुंचे। वहां पर पहले से भर्ती एक भाजपा नेता को देखने के बाद चिकित्सकों से बेहतर उपचार के निर्देश दिए।इस दौरान गांधी वार्ड में एसी काम नहीं कर रहा था। इससे मरीजों को दिक्कत हो रही थी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए केजीएमयू प्रशासन को इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी है। साथ ही जल्द ही खराब एसी को ठीक करने के निर्देश दिए। गांधी वार्ड से निकलने के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ट्रामा सेंटर पहुंचे। वहां पांचवी मंजिल पर भर्ती मरीज का हाल–चाल जाना।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि दोपहर के समय बिजली का लोड अधिक हो जाता है। इसके चलते एसी काम नहीं करते हैं। इसके लिए बिजली विभाग को कई बार लिखा गया है। हालांकि उन्होंने बिजली विभाग के इंजीनियरों की लापरवाही की बात से इंकार कर दिया है।

## 29 पुलिस हिस्ट्रीशीटर के घरों पर मनमाना तरीके से असमय दौरा नहीं कर सकती : हाईकोर्ट

**प्रयागराज** । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक ऐसे व्यक्ति के घर देर रात तक जाने से रोक दिया है, जिसके खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोली गई है।न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार एक्स की खंडपीठ ने खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य के प्रसिद्ध मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। जिसमें यह माना गया था कि पुलिस हिस्ट्रीशीटर आदि के घरों का मनमाना तरीके से असमय दौरा नहीं कर सकती है।खंडपीठ ने यह आदेश समुंदर पांडे नामक व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर पारित किया है। याची ने याचिका में अपने खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोलने को चुनौती दी थी। उसका कहना है कि हिस्ट्रीशीट अप्रासंगिक सामग्री पर आधारित है। उन्होंने दावा किया कि इसके आड़ में उन्हें पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा है, क्योंकि पुलिसकर्मी अनियमित समय पर याचिकाकर्ता के घर में घुस रहे हैं और उन्हें पुलिस थाने ले जा रहे हैं। इससे उनकी निजता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को मानसिक कष्ट हो रहा है।उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज के पुलिस आयुक्त और संबंधित स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को रात में 'अवैध समय' पर घरों का दौरा करने से रोक दिया। कोर्ट ने इस मामले को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। साथ ही याचिका की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी।

## जानकीपुरम पुलिस ने टावर से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को दबोचा

**लखनऊ।** थाना जानकीपुरम क्षेत्र मे लगे एयरटेल टावर से बड़ी चोरी की घटना का मामला पंज़्जीकृत किया गया था उसी मामले मे जुटी जानकीपुरम पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है।अभियुक्तों द्वारा जिस गाडी से टावर की 24 अदद बैटरी चोरी कर ले जाई गई थी पुलिस ने उस वाहन को भी बरामद कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्तों के नाम अनिल कुमार पुत्र हरदवारी लाल,अनिल कुमार पाल पुत्र लाल राम और पवन यादव पुत्र बच्चू लाल है अभियुक्तों पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए उनकी क्राइम हिस्ट्री की भी पड़ताल की जा रही है।

## नीरज दौनेरिया ने पौधरोपण कर चिकित्सा शिविर का किया शुभारम्भ

**लखनऊ** । सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ बजरंग दल इस समय पूरे देश में सेवा सप्ताह मना रहा है। सेवा सप्ताह के तहत बजरंग दल के कार्यकर्ता पौधरोपण कर रहे हैं और चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया सोमवार को लखनऊ पहुंचे और कई कार्यक्रमों में वह शामिल हुए।सेवा सप्ताह के अंतर्गत, बजरंग दल लखनऊ महानगर के उत्तर जिले के सेमरा गौड़ी में सोमवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं पौधरोपण का आयोजन किया गया। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया एवं अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।चिकित्सा शिविर में 200 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। पौधरोपण का कार्यक्रम रिर्सोवा रिजॉर्ट में किया गया। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा टीम में डॉ. अनुज गुप्ता मुख्य तौर पर रहे अपने स्वास्थ्य कर्मचारियों शिविर में उपस्थित मरीजों निःशुल्क जांच एवं आवश्यक दवाइयां वितरित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विहिप के प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेवा सप्ताह के पर विहिप और बजरंग दल द्वारा वृक्षारोपण एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

**लखनऊ।** सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत, बजरंग दल लखनऊ महानगर के उत्तर जिले के सेमरा गौड़ी में निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनोरिया एवं अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । वृक्षारोपण का कार्यक्रम रिर्सोवा रिजॉर्ट में किया गया। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा टीम में डॉ. अनुज गुप्ता मुख्य तौर पर रहे अपने स्वास्थ्य कर्मचारियों शिविर में उपस्थित मरीजों निःशुल्क जांच एवं आवश्यक दवाइयां वितरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विहीप के प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह, जिला प्रचार प्रमुख नैमिष,बाराबंकी के जिला सह प्रचार प्रमुख जसवंत, बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक महेंद्र, विभाग संयोजक विजय बजरंगी, सहसंयोजक अमरेंद्र, जिला संयोजक नरेंद्र परमार, महर्षी नगर के प्रखंड मंत्री पवन, जानकी नगर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप, सहित बजरंग दल एवं विहिप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब्बास अंसारी ने हिस्ट्रीशीट को दी चुनौती

**कहा, सभी केस राजनीति से प्रेरित, अगली सुनवाई 17 को**

कैनविज टाइम्स संवाददाता 25



प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक अब्बास अंसारी की हिस्ट्रीशीट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई की अगली तिथि 17 जुलाई नियत की है। याची अधिवक्ता की बहस के बाद सरकारी अधिवक्ता ने समय मांगा जिस पर कोर्ट ने सुनवाई टाल दी।याची के अधिवक्ता ने कहा कि अब्बास के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमे राजनीतिक रंजिश का परिणाम हैं और ऐसे मुकदमों के आधार पर हिस्ट्रीशीट खोलना कानून का दुरुपयोग है।गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में अब्बास अंसारी के खिलाफ खोली गई हिस्ट्रीशीट से जुड़ा मामला है, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कहा कि याची पर चोरी, डकैती जैसे कोई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज नहीं हैं। उनके खिलाफ जो भी मामले हैं, वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते दर्ज कराए गए हैं।अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले अब्बास अंसारी को कोई कारण बताओ नोटिस नहीं दिया गया और न ही उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर मिला। यह विशेष रूप से तब हुआ जब वह एक विधायक थे, जिससे उनके सम्मान को ठेस पहुंची। संविधान द्वारा प्रदत्त सभी नागरिकों को सम्मान के साथ जीने के अधिकार पर बल दिया गया।राज्य सरकार की तरफ से अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की खंडपीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई तय कर दी है।

# पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के घर चोरी का खुलासा

**पुलिस ने लूट का सामान किया बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र में स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक इंजीनियर के घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने चोरी गए सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी बरामद की है।करेली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गिरोह के चार सक्रिय आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन कर लिया है और लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से शहर के विभिन्न इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने इंजीनियर के घर में चोरी करने की बात कबूल की है। बरामद सामान में सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस खुलासे में शामिल क्राइम ब्रांच और करेली पुलिस टीम को सराहना दी है और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।प्रमुख बिंदुःघ्डकइंजीनियर के घर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा।लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण व नकदी बरामद।गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार, 3 अभी भी फरार।गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित।करेली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई।

# नवागांतुक एसडीएम ने कोरांव तहसील का लिया चार्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के जिलाधिकारी ने हाल ही में दो एसडीएम के तबादले किए हैं। बारा तहसील के एसडीएम संदीप तिवारी को कोरांव तहसील का नया एसडीएम बनाया गया है, जबकि आकांक्षा सिंह को करछना एसडीएम के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।एसडीएम संदीप तिवारी ने पदभार संभालते ही बार बेंच के साथ एक मीटिंग बुलाई, जिसमें अधिवक्ताओं के साथ सामंजस्य और जान-पहचान बनाने का प्रयास किया गया। हालांकि, इस मीटिंग में अधिवक्ताओं की नाराजगी साफ देखने को मिली। हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता अध्यक्ष मंत्री के साथ मीटिंग में शामिल नहीं हुए और उन्होंने दो टूक कह दिया कि वे अध्यक्ष मंत्री के साथ नहीं जाएंगे। इससे दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।कुछ अधिवक्ताओं की हड़ताल का कारण एसडीएम आकांक्षा सिंह के साथ उनके मतभेद और तनावपूर्ण संबंध हैं। हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक एसडीएम आकांक्षा सिंह का तबादला नहीं हुआ था, तब तक वे उनके व्यवहार से परेशान थे और अब नए एसडीएम के साथ भी वे अपने संबंधों को सामान्य बनाने के मूड में नहीं हैं।एसडीएम संदीप तिवारी के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती अधिवक्ताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करना और तनावपूर्ण स्थिति को सामान्य बनाना है। देखना होगा कि वे इस चुनौती का सामना कैसे करते हैं और अधिवक्ताओं के साथ अपने संबंधों को कैसे सामान्य बनाते हैं।गौरतलब है कि एसडीएम आकांक्षा सिंह के कार्यकाल के दौरान गिने चुने कुछ अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के बिना सहमति के उनके खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया था और तहसील कार्यालय में तालाबंदी कर दी थी। अधिवक्ताओं का आरोप था कि एसडीएम आकांक्षा सिंह का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं था और वे अपने कार्यों में शिथिलता बरत रही थीं। जबकि ऐसा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मंत्री के तरफ से नहीं था अब नए एसडीएम के साथ अधिवक्ताओं के संबंधों को देखना दिलचस्प होगाश

# विहिप व बजरंग दल के स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का हुआ इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जालौन । कालपी नगर में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंगदल के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत कालपी नगर में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सीय टीम ने 150 लोगों का उपचार कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।सोमवार को कालपी नगर में चिकित्सा शिविर काशीराम कॉलोनी के परिसर में आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे संगठन मंत्री सौरभ के अलावा विश्व हिंदू परिषद से दीपक, बजरंग दल नगर संयोजक हर्ष बिश्नोई, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बब्बन ठाकुर ने आयोजक की भूमिका अदा कर मरीजों का इलाज कराने में सहयोग प्रदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार कर सेवा कार्य को सफलता-पूर्वक निर्वाह किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं में प्रखर गुप्ता, निखिल पंडित, आदित्य पंडित, पंडित विशाल, सोनू पंडित, उज्ज्वल गुप्ता, एसके जाटव, शुभम निगम, मुकेश मांगरोल, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने इस सेवा कार्य में सहभागिता की। कार्यक्रम में डेढ़ सौ से अधिक मरीजों ने अपनी जांच एवं मेडिसिन लेकर लाभ हासिल किया।

# मतांतरण के खिलाफ फूटा सिख व सिंधी समाज का गुस्सा,सख्ती से निपटे सरकार

**बोले– ऐसे राष्ट्रविरोधी धर्मांतरण माफियाओं को सिर्फ जेल नहीं, सीधे फंासी दी जाए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में गैरमुस्लिम लड़कियों को बहला फुसला कर किए जा रहे मतांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस तरह के कुत्सित प्रयास करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फंासी सजा मिलनी चाहिए।उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सिख प्रतिनिधि व गुरुगोविंद सिंह सेवा समिति के सचिव परबिंदर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतांतरण की खबरें सामने आई हैं वह दुखद है। छांगुर बाबा जो कि बड़े पैमाने पर गैर मुस्लिम लड़कियों के धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार हुआ है, ऐसे लोगों की सजा फंासी के कम नहीं होनी चाहिए। धर्मांतरण के लिए बहन बेटियों का मूल्य तय करना इनकी घिनौनी सोच को दर्शाता है, इस तरह के कृत्य में जो भी लोग शामिल हैं ऐसे अपराधियों को फंासी की सजा मिलनी चाहिए।गुरुनानक से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक, सिख पंथ ने कभी धर्म नहीं बदलाकृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि लड़कियों को पैसा देकर बहला फुसला कर किए जा रहे मतांतरण सिख समुदाय के खिलाफ बड़ी साजिश है। उन्होंने सीएम योगी से अपील करते हुए कहा कि ऐसे लोग जो विदेशी एजेंसियों के साथ मिलकर इस तरह के कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गुरुनानक से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक, सिख पंथ ने कभी धर्म नहीं बदला, बल्कि धर्म की रक्षा की है।लालच, भय या छल से धर्मांतरण के लिए मजबूर करना निंदनीयगुरुद्वारा पटेल नगर के हेड ग्रंथी ज्ञानी भगत सिंह ने कहा कि आज उनके अनुयायियों को लालच, भय या छल से मतांतरण के लिए मजबूर किया जा रहा है, ये अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हालिया मामलों में सिख समुदाय के सदस्यों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए निशाना बनाया गया। यह केवल धार्मिक आज़ादी पर हमला नहीं, बल्कि सिख अस्मिता का अपमान है।अवैध धर्मांतरण के खिलाफ फूटा सिंधी समाज का गुस्सासिंधी नेता नानक चंद लखमानी कहा कि सिंधी समाज के खिलाफ मतांतरण की साजिश को अब और सहन नहीं किया जाएगा। सिंधी समाज की बहन बेटियों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। सिंधी समाज के मासूम युवाओं, खासकर बहन-बेटियों को मतांतरण के जाल में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को फंासी की सजा मिलनी चाहिए। वहीं किशन चंद्र तनवानी ने कहा कि यह केवल धार्मिक आज़ादी पर हमला नहीं, बल्कि सिंधी संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश है। मतांतरण के लिए ''रेट'' तय करना घिनौना और अमानवीय कृत्य है।

## प्रयागराज मण्डल ने 1215 दिव्यांगजनों को जारी किया दिव्यांग रेल यात्रा रियायत पहचान पत्र

**प्रयागराज** । प्रयागराज मण्डल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 1215 दिव्यांग रेल यात्रा रियायत पास जारी किए गए हैं। इनमें से 240 कार्ड अप्रैल में, 614 कार्ड मई में एवं 361 कार्ड जून में जारी किए गए हैं। भारतीय रेलवे में यात्रा के दौरान असुविधा होने पर सभी यात्री रेलवे सहायता नंबर 139 पर फोन करके रेलवे से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगिल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-10-2025-26 |
| कार्य का नाम | "प्रोविजन ऑफ यू0एफ0एस.बी.आई0 इन प्लेस ऑफ डाईडो ब्लॉक इस्टूमेंट इन पी0एफ0एम0ऐ0आर0के0एच0ऐ0 सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज़। |
| अनुमानित लागत | रु.69,70,818.73/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.1,39,400.00/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.07.2025 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
- समस्त नियम एवं शर्तो निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–सिग–टेंडर–10–2025–26 दिनांक : 07.07.2025 2036/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# योगी सरकार निरंतर यूपी के 948 विरासत वृक्षों को संवार रही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत सूबे के 948 विरासत वृक्षों को निरंतर संवार रही है। 100 वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। यह वृक्ष प्रदेश के सभी 75 जिलों में हैं। योगी सरकार पेड़-पौधों के जरिए भी विरासत का सम्मान करने को प्रतिबद्ध है। काशी में सर्वाधिक 99, प्रयागराज में 53, हरदोई में 37, गाजीपुर में 35 व उन्नाव में विभिन्न प्रजातियों के 34 विरासत वृक्ष हैं। योगी सरकार विलुप्त हो रही वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण व पौराणिक/ऐतिहासिक अवसरों, महत्वपूर्ण घटनाओं, अति विशिष्ट व्यक्तियों के स्मारकों, धार्मिक परम्पराओं व मान्यताओं से जुड़े हुए वृक्षों को संरक्षित कर जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता पैदा कर रही है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा विरासत/हेरिटेज वृक्षों के चयन व अभिलेखीकरण के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड ने



गैर वन क्षेत्र (सामुदायिक भूमि) पर अवस्थित सौ वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजातियों को विरासत वृक्ष घोषित किया है। इनमें अरु, अर्जुन, आम, इमली, कैम, करील, कुसुम, खिरनी, शमी, गम्हार, गूलर, छितवन, चिलबिल, जामुन, नीम, एडनसोनिया, पाकड़, पीपल, पीलू, बरगद, महुआ, महोगनी, मैसूर बरगद, शीशम, साल, सेमल, हल्दू व तुमाल शामिल हैं। इसमें बरगद प्रजाति के 363 व पीपल प्रजाति के 422 वृक्ष हैं। विरासत वृक्ष में आध्यात्मिक व स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े वृक्ष शामिल किए गए हैं। योगी सरकार यूपी के सभी 75 जिलों में विरासत वृक्षों को खोजकर इन्हें संरक्षित करने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी के गृह जिला गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर,

**100 वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्ष घोषित किए गए हैं विरासत वृक्ष**

काली मंदिर के समीप व गौशाला के अंदर बरगद व पाकड़ वृक्षों सहित पूरे जनपद में 19 वृक्ष विरासत वृक्ष घोषित किए गए हैं।

वहीं लखनऊ व वाराणसी के क्रमशः दशहरी आम व लंगड़ा आम के मातृ वृक्ष, फतेहपुर का बाचन इमली, मथुरा के इमलीतला मन्दिर परिसर का इमली वृक्ष, प्रतापगढ़ का करील वृक्ष, बाराबंकी में स्थित एडनसोनिया वृक्ष, हापुड़ व संत कबीर नगर में अवस्थित पाकड़ वृक्ष, सारनाथ का बोधि वृक्ष, बाबा झारखंड के नाम से प्रसिद्ध अम्बेडकर नगर का पीपल वृक्ष एवं आर्डिनेंस क्लॉथ फैक्ट्री शाहजहांपुर में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा पीपल वृक्ष शामिल है। विशिष्ट विरासत वृक्षों में चीनी यात्री हवेनसांग द्वारा उल्लिखित झूंसी (प्रयागराज) का एडनसोनिया वृक्ष, मथुरा के टेर कदंब मंदिर परिसर व निधि वन में अवस्थित पीलू वृक्ष, प्रयागराज के किले में अक्षयवट, उन्नाव जिला में वाल्मीकि आश्रम, लव कुश जन्म स्थली व जानकी कुण्ड नाम से प्रसिद्ध स्थल पर अवस्थित बरगद वृक्ष एवं प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए एन.बी.आर.आई लखनऊ व महामाया देवी मन्दिर परिसर गाजियाबाद में अवस्थित बरगद वृक्ष शमिल हैं। योगी सरकार विरासत के सम्मान के साथ विरासत वृक्षों की सुरक्षा के लिए आमजन का भी सहयोग लेगी।

विरासत वृक्षों की सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान प्राप्त करने, विरासत वृक्षों को जन संवेदना व जन भावना से जोड़कर वृक्षों के प्रति स्नेह, सद्भाव व अपनत्व की भावना विकसित करने एवं क्षेत्र में ईको पर्यटन को प्रोत्साहन देकर क्षेत्र की जैव विविधता का संरक्षण, संवर्धन व जागरूकता व संवेदनशीलता विकसित करने का भी योगी सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 948 विरासत वृक्ष हैं। इनमें सर्वाधिक विरासत वृक्ष वाराणसी में हैं।

# विधायक ने चांदेबाबा निवासियों को एनजीटी से दिलाई राहत

**गढ़ी चनौटी में अनुसूचित जाति परिवारों को राहत, चांदेबाबा तालाब क्षेत्र में झील विकास का मार्ग प्रशस्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर के लिए सोमवार का दिन एक और ऐतिहासिक न्यायिक उपलब्धि लेकर आया, जब स्थानीय जनप्रतिनिधि डॉ. राजेश्वर सिंह, केवल विधायक के रूप में नहीं बल्कि एक अधिवक्ता और जनहितैषी योद्धा के रूप में राष्ट्रीय हरित अधिकरण में पेश हुए।

डॉ. सिंह ने गढ़ी चनौटी स्थित चांदेबाबा तालाब क्षेत्र के पास रहने वाले गरीब अनुसूचित जाति परिवारों की ओर से मजबूती से पैरवी की, जिन पर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा था। ये परिवार पिछले कई दशकों से इस भूमि पर निवास कर रहे हैं और अब गव्व्ह के एक आदेश के अंतर्गत उन्हें हटाया जा रहा था। NGT ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निम्नलिखित ऐतिहासिक आदेश पारित किए।



1. 3.1 हेक्टेयर क्षेत्र, जिसमें ये वंचित परिवार निवासरत हैं, वहां 8 अक्टूबर 2025 तक विस्थापन पर रोक लगा दी गई है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। 2. शेष 31 हेक्टेयर तालाब क्षेत्र को एक पर्यावरणीय झील के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें चारों ओर वृक्षारोपण और हरियाली की व्यवस्था होगी। 3. NGT के निर्देश पर सरकार एक व्यापक विकास योजना प्रस्तुत करेगी, जिसमें झील संरक्षण और हरियाली दोनों शामिल होंगे। 4. झील में वर्षभर जल संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु उसे छोटी नहरों से जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, ध्यह केवल कानूनी विजय नहीं, यह सामाजिक और पर्यावरणीय न्याय का मिलाजुला उदाहरण है। मैं माननीय गव्व्ह और सरकार का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने न्याय की भावना को धरातल पर साकार किया।

# अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न तमाम लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधानसभा मोहनलालगंज की बजगिहा ग्राम पंचायत मे जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल की अध्यक्षता में अपना दल (एस ) की बैठक संपन्न हुई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मंच रामकुमार पटेल उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के,विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सहकारिता मंच आर के पटेल भी मौजूद रहे । इसी मासिक बैठक में आगामी पंचायत चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई।ग्राम पंचायत बजगिहा के४ समस्त निवासियों से पार्टी में जुड़ने का आग्रह किया गया। पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत के कुछ प्रभावी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में जुड़ने वाले नए लोगों में केशव गिरि,



पूर्व प्रधान ,अनुज कुमार गिरी ,दिलीप गिरी ,रामस्वरूप शर्मा सरोजनीनगर से,सुधांशु पांडे ,भारत राम गिरी ,गंगा राम गिरी आदि लोग रहे।

इस आयोजन में वरिष्ठ नेता राजबहादुर सिंह पटेल मुंशी ,जिला उपाध्यक्ष मनीष पटेल ,जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश ,जिला अध्यक्ष युवा मंच राहुल पटेल ,जिला सचिव तुषार साहू,जिला अध्यक्ष व्यापार मंच विकास पटेल,जिला अध्यक्ष छात्र मंच आयुष पटेल ,जिला कार्यकारिणी सदस्य विवेक ,जिला सचिव दुष्यंत , व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना: दिव्यांग दंपति को मिलेगी 35 हजार की मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत दिव्यांगजनों को विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यदि युवक दिव्यांग है, तो उसे 15 हजार, युवती दिव्यांग है, तो 20 हजार और यदि दोनों दिव्यांग हैं, तो 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होती है।

बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के लिए 2.64 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया था, जिसमें से 1.92 करोड़ रुपये व्यय कर 819 लाभार्थी दंपत्तियों को सहायता प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 'शादी विवाह प्रोत्साहिन पुरस्कार योजना' के अंतर्गत 74 हजार से



अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए हैं ताकि हर पात्र दिव्यांगजन को समय से सहयोग मिल सके।

दिव्यांगजनों के लिए राज्य सरकार की यह योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज में उनकी गरिमा को पुनः स्थापित करने की ईमानदार कोशिश है। विवाह के अवसर पर मिलने वाला आर्थिक सहयोग न सिर्फ उनके आत्मबल को बढ़ाता है, बल्कि उन्हें अपने जीवन की नई शुरुआत करने में सशक्त बनाता है। इससे समाज में समावेशिता और सशक्तिकरण की नई मिसाल स्थापित हो रही है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की सुविधा के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पात्र दंपती इस योजना का लाभ उठा सकें। विभाग द्वारा 74 हजार से अधिक आवेदनों का शीघ्र सत्यापन और निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह प्रक्रिया न केवल पारदर्शी है, बल्कि बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुंचाती है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि हर दिव्यांगजन को सम्मान और समान अवसर मिले। शादी अनुदान योजना इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो दिव्यांग दंपत्तियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। हमने इस वर्ष 74 हजार से अधिक आवेदनों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना से वंचित न रहे। डिजिटल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे।

# महोंना में इमाम हुसैन की याद में गमगीन माहौल में निकला मोहर्रम का जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत महोना में सोमवार को हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में ताजिए का जुलूस निकाला गया जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने मातम मनाया और इमाम हुसैन की शहादत का मकसद बयान किया इस मौके पर स्थानीय पुलिस एवं पीएसी बल की मौजूदगी में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ याजीद फौज के साथ लड़ते हुए हक और इंसाफ के लिए शहादत दे दी कड़ी सुरक्षा के बीच नगर पंचायत महोना में बड़ी तादात में ताजियादारों ने जुलूस को निकाल कर गम का इजहार किया पकरिया मोहल्ला से जुलूस शुरू होकर कसाई मोहल्ला शेख टोला होते हुए कटरा मोहल्ला पाठशाला मोहल्ला होते हुए कर्बला मार्ग होते हुए नगर चौगवा के

**जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने मातम मनाया और इमाम हुसैन की शहादत का मकसद बयान किया**

कर्बला में सभी ताजिया दरों ने अपने-अपने ताजियों को दफन किया जिसमें शामिल तमाम क्षेत्र के हिंदू मुसलमान महिलाएं और पुरुष अपनी श्रद्धा और अकीदत के साथ इमाम हुसैन की याद में मातम और कुरान की तिलावत की नगर पंचायत महोना की गंगा जमुनी तहजीब एवं हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक मोहर्रम का पर्व मनाया गया जिसमें स्थानीय पुलिस चौकी महोना एवं थाना इटौंजा एवं पीएसी बल की मौजूदगी में मोहर्रम का जुलूस शाकुशल संपन्न हुआ।यह जानकारी स्थानीय निवासी पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने दी।

# तीन दिनों में उत्तर प्रदेश के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज समेत 45 जिलों में अगले तीन दिनों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। कुछ जनपदों में गरज व चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद प्रयागराज जिला प्रशासन सतर्क हो गया।

लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, बहराइच, लखीमपुर खरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुर, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद,



मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, झांसी, ललितपुर में आगामी तीन दिनों में भारी वर्षा की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 8 से 9 जुलाई के बीच बहराइच, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, जालौन, महोबा व झांसी के आसपास के इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई गई है। इसी तरह 9 से 10 जुलाई को बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, झांसी व ललितपुर और उसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश होने की अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कई जनपदों में इस दौरान गरज चमक एवं आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।

## मोटरसाइकिल सवार को पिकअप ने रौंदा, मौके पर मौत

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके के माती गांव स्थित हार्डवेयर की दुकान के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के माती गांव का निवासी मजदूर जयचंद (40) करीब 2:30 बजे अनूप खेड़ा से मोटरसाइकिल से साथी मजदूरों के लिए समोसा लेने जा रहे थे। इसी दौरान माती स्थित आशीष हार्डवेयर की दुकान के पास एक तेज रफ्तार पिकप के चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और फिर उस के सिर को कुचलता हुआ चला गया । जिससे जयचंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । वहीं आरोपी पिकप चालक की पहचान के लिए आसपास लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। बताते हैं कि मृतक जयचंद के परिवार में पिता नेकराम,पत्नी रोशनी सहित तीन बेटियां और दो बेटे हैं। घटना की सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया।सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में रविवार की देर रात युवक ने कंजी के पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी । जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने नगराम पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव के रहने वाले मृतक आनंद कुमार उर्फ मटरू (40) मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ था और लंबे समय से शराब पीने का लती भी था। ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर अकेला रहता था और मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी ।बीती रात करीब 11:30 बजे नगराम थाने पर सूचना मिली कि गांव के बाहर बने हाते में कंजी के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार की स्थिति बेहद दुखद बताई जा रही है। मृतक के घर में सिर्फ वृद्ध माता-पिता और छोटे भाई का 9 वर्षीय बेटा सोनू ही है। बताया जा रहा है कि मृतक का छोटा भाई हेमराज पहले ही एक सड़क हादसे में जान गंवा चुका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी के मुताबिक प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

## खेत की मेंड़ रखने को लेकर महिला से मारपीट

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के डुडवा खेड़ा मजरा समेसी में बीते रविवार को खेत की मेंड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष के युवक ने महिला को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वही नगराम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार सुनीता पत्नी दिनेश कुमार ने नगराम थाने में दी तहरीर में बताया कि वह डुडवा खेड़ा मजरा समेसी की रहने वाली है। बीते रविवार को गांव के ही रहने वाले दुर्गेश पुत्र मनीराम ने खेत की मेंड़ को लेकर विवाद करते हुए उसके घर आकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दीं । जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दुर्गेश ने लात-घूंसों से हमला कर दिया जिससे उसके दाहिने हाथ, पैर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि दुर्गेश ने मारपीट के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## उप्र में सभी बच्चों की शिक्षा सम्बंधित योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन : बेबी रानी मौर्या

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गम्भीर कुपोषण के उन्मूलन के लिए संचालित राज्यव्यापी संभव अभियान के पाँचवें संस्करण संभव 5.0 (2025) का शुभारम्भ सोमवार को एक होटल में किया गया। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित इस आयोजन में प्रदेश में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के पोषण स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के संकल्प को और प्रबल किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य एवं राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंच पर अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कुपोषण के पीढ़ीगत चक्र को तोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की सतत निगरानी, रीयल टाइम डाटा कैप्चरिंग और मजबूत विभागीय समन्वय से ही इस अभियान को सतत सफलता मिल सकती है।

## उत्तर प्रदेश में दो अक्टूबर से स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति देने का निर्णय

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को गोमती नगर के समाज कल्याण भवन में स्कूली बच्चों के छात्रवृत्ति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दो अक्टूबर से स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति देने का निर्णय हुआ। छात्रवृत्ति पर महत्वपूर्ण बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि जो छात्रवृत्ति पहले दिसम्बर से बांटी जाती थी। पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति दो अक्टूबर से दिये जाने का निर्णय लिया गया है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसमें समाज कल्याण, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण की छात्रवृत्ति योजनाओं में एकरूपता लाने का प्रयास करने के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की जाएगी।

# मायावती ने बिहार की कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल, चुनाव आयोग ले संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग से बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है।

बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट लिखी। उन्होंने कहा कि बिहार में खासकर दलितों, पिछड़ों, शोषितों, गरीबों और महिलाओं आदि के खिलाफ अत्याचार, हत्या और जाति आधारित शोषण की वारदातें सामने आती रहती हैं। साथ ही इन वर्गों के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने के मामले हमेशा से ही काफी चर्चा का विषय रहे हैं। राज्य में विधानसभा आम चुनाव से पहले हिंसक घटनाएं और हत्या की वारदातें हो रही है। हाल ही में



पटना में एक प्रमुख उद्योगपति और सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के नेता गोपाल खेमका की सनसनीखेज हत्या ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के साथ-साथ राज्य की राजनीति को नए तरीके से गरमा दिया है। अगर चुनाव आयोग इस खूनखराबे का संज्ञान लेकर अभी से उचित कार्रवाई करे तो शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना बेहतर होगा।

उन्होंने कहा है कि बिहार में चुनाव से पूर्व मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान ये सारी हिंसक घटनाएं किसके द्वारा और किसके स्वार्थ के लिए की जा रही हैं। इसको लेकर न केवल राज्य की गठबंधन सरकार कटघरे में है, बल्कि इसको लेकर राजनीति भी काफी गरम है। देखना यह है कि भविष्य में इसका राज्य के राजनीतिक समीकरणों और चुनाव पर क्या असर होगा। वैसे हमारी पार्टी बहुजनों, खासकर दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, वंचितों, शोषितों, गरीबों और मजदूरों आदि की पार्टी हैं, जो अपने कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के तन, मन और धन के बल पर राजनीति करने के सिद्धांत और नीति के तहत अपने बल पर बिहार विधानसभा का आम चुनाव लड़ रही है।

इसलिए चुनाव आयोग से अपील है कि बिहार चुनाव को सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ-साथ बाहुबल, धनबल और आपराधिक बल आदि से मुक्त करने के लिए जो भी सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, वह समय रहते उठाए ताकि चुनाव प्रचार स्वतंत्र और निष्पक्ष साबित हो।

# डीएम ने ली जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति व मिशन समिति की बैठक, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जिले में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई।

समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर डीएम का जोर

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व जल संरक्षण योजनाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं, बल्कि कृषक आय वृद्धि और जल संकट से निपटने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। डीएम ने ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं की प्राथमिकता तय करने पर भी बल दिया।

योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा

भूमि संरक्षण अधिकारी बी.एन. उपाध्याय ने गत वर्ष की बैठक की कार्यवृत्ति समिति के समक्ष प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि जनपद में कार्यरत भूमि संरक्षण की दो इकाइयों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, वर्षा सिंचित क्षेत्र टइघ योजना व मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं।

बैठक में खेत तालाब योजना के तहत 50 तालाबों के निर्माण हेतु ?26.25 लाख का अनुदान प्रस्तावित किया गया। वहीं टइघ योजना के अंतर्गत 94.50 हेक्टेयर भूमि पर कार्य हेतु ?50.40 लाख की वित्तीय व्यवस्था प्रस्तावित की गई। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के माध्यम से 389.40 हेक्टेयर क्षेत्र में जल संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित हैं। इन सभी कार्यों को कराए जाने हेतु डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) सुभाष चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (जिला योजना) बी.एन. उपाध्याय, नामित विभागीय अधिकारी व प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# वाटर पार्क में किशोर की नहाने के दौरान हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिंगाही खीरी। कोतवाली सिंगाही क्षेत्र के बेलराया के गांव भूलनपुर एक निजी वाटर पार्क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक के शशांक वर्मा के द्वारा किया गया था कुछ समय बाद ही। टिकट लेकर वाटर पार्क में नहा रहा एक 12 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। तिकुनिया पुलिस किशोर की मौत एक पडोस के तालाब मे डूबने से होने का दावा कर रही है। किशोर का निवास थाना क्षेत्र सिंगाही का बताया जा रहा है सिंगाही पुलिस भी घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

सोमवार को कोतवाली क्षेत्र तिकुनिया के गांव भूलनपुर भेडौरी शिवम वाटर पार्क कडिया रोड पर लोगों को आनंदित करने के लिए निजी संसाधनों से बनाया गया आज शिवम वाटर पार्क का काफी प्रचार प्रसार किया गया और वाटर पार्क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा के कर कमल से संपन्न हुआ शिवम वाटर पार्क के उद्घाटन के बात क्षेत्रीय विधायक का काफिला वहां से चला गया और लगभग 1 घंटे के बाद आयान उम 12 वर्ष निवासी हरद्वाही थाना क्षेत्र सिंगाही किया किशोर टिकट लेकर इस वाटर पार्क में नहाने चला गया और वहीं पर किशोर की डूबने से मौत हो गई जिससे वहां पर अपना तफरी मच गई सूचना पाकर पहुंचे परिजन 12 वर्षीय किशोर को उठाकर निघासन सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु घोषित कर दिया उसके बाद परिजन बच्चों के सब को लेकर घर हरद्वाही चले गए और वहां पर घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

तिकुनिया इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि अब बहुत बालक की मौत पड़ोस के तालाब में डूबने से हुई है मृतक किशोर का शव सिंगाही थाना के हरदोई गांव में है और सिंगाही पुलिस कार्रवाई करेगी। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वाटर पार्क में डूबने से किशोर की मौत होने की सूचना मिली है सिपाही मौके पर गए हैं तहरीर नहीं मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम मटेहनी निवासी महिला माधुरी (उम्र 30 वर्ष) पत्नी विक्रम की मौत एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से हो गई।

**क्या है मामला..**

परिजनों के अनुसार, रविवार को तबीयत खराब होने पर महिला को रेहुआ चौराहे पर स्थित असलम मेमोरियल हॉस्पिटल नामक निजी क्लीनिक में ले जाया गया था। क्लीनिक पर मौजूद कथित डॉक्टर असलम ने इलाज के दौरान महिला को इंजेक्शन लगाया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। मृतका माधुरी अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गई—बड़ी बेटी मोनिका (14 वर्ष), बेटा छंगा (11 वर्ष) और अंकित (7 वर्ष)। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने थाना खमरिया में तहरीर दी और आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना खमरिया प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने सक्रियता दिखाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी डॉक्टर असलम को हिरासत में लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बा खमरिया और आसपास के इलाकों में असलम मेमोरियल हॉस्पिटल जैसे कई फर्जी अस्पताल वर्षों से संचालित हो रहे हैं, जो बिना मान्यता और अनुभव के इलाज कर रहे हैं। ग्रामीणों की जान से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है, अधिनस्त खाने कमाने में व्यस्त है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।



**क्या कहते है थाना प्रभारी...**

जानकारी करने पर ज्ञात हुआ आरोपी डॉक्टर असलम पुलिस के कब्जे में है, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिलामुख्यालय भेजा गया जांच रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
(थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय)

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच अकीदत और गम के साथ मनाया गया मोहर्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को मोहर्रम की दसवीं यौमे आशूरा अकीदत और गम के माहौल में मनाई गई। कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई, जबकि चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी बल तैनात रहा। सुबह से ही इमामबाड़ों में मातम और मजलिस का सिलसिला शुरू हो गया। हुसैनी फौज और अंजुमन-ए-अब्बासिया की ओर से निकाले गए जुलूस में या हुसैन, या अली की सदाएं गूंजती रहीं। अकीदतमंदों ने सीना पीटकर शहीदों को याद किया। पारंपरिक मार्गों से होकर निकला जुलूस मुख्य चौक पर पहुंचा, जहां कर्बला की निशानी के रूप में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

**भाईचारे की मिसाल बने लोग**

जुलूस मार्ग पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने शरबत, ठंडा पानी और चाय की सेवा लगाकर सौहार्द का संदेश दिया। शांतिपूर्ण आयोजन में पुलिस और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी रही। उपजिलाधिकारी,राजीव निगम क्षेत्राधिकारी महक शर्मा और कोतवाल प्रभारी महेश चंद्र,यस आई जोति मिश्रा, हेडकांस्टेबल हरिश्चंद्र, राजकुमार सिंह, अनिल कुमार,शिवशंकर मौके पर मौजूद रहे।

**संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी**

जिन क्षेत्रों को संवेदनशील माना गया था, वहां अतिरिक्त फोर्स लगाई गई। बरोठा,मिर्ज़ागंज,रकेहटी, ने जुलूस मार्ग पर सफाई, व समाज सेवी लोगो ने मिल कर जगह जगह पानी पिलाने की वेवस्था सुनिश्चित की। डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहा, वहीं ढोल, नगाड़े और मातमी तरानों के बीच जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

**अधिकारियों ने लिया फीडबैक**

जुलूस के समापन के बाद एसडीएम और सीओ ने इमामबाड़ा पहुंचकर अंजुमनों के पदाधिकारियों से फीडबैक लिया और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# भाकियू राष्ट्र शक्ति का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी

**समाधान न होने तक प्रदर्शन जारी रहेगी जरूरत पड़ेगी तो होगी किसान महापंचायत: शिशुपाल सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिसावां सीतापुर । देवगवां पॉवर हाउस कुतुबनगर सीतापुर में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ उमाशंकर यादव जी के निर्देशन तथा प्रदेश उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह के नेतृत्व में जारी हुआ जिसमें प्रमुख रूप से ईश्वर दिन निवासी ग्राम टेनी का इस्टीमेट शुल्क जमा होने के बाद निजी नलकूप न चालू होने ,दबंगो द्वारा तार चोरी ट्रांसफार्मर तेल चोरी खम्भों को ध्वस्त करने के बावजूद भी पिसावां पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही न करना गड़ासा में दो माह से बिजली आपूर्ति बाधित होने तथा बिजली मीटरों की गड़बड़ी से अत्यधिक बिजली बिलों का निकलना ,किसानों का उत्पीड़न आदि प्रमुख मांगें रहीं अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में तमाम किसान साथी व माताएं बहने जायज मांगों को लेकर उपस्थित है शिशुपाल सिंह ने कहा यदि सीघ्र समाधान न हुआ तो 9जुलाई को होगी विशाल किसान पंचायत जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा किया जाएगा जिसमें हजारों की तादाद में किसान हिस्सा लेंगे।आज का संचालन सन्दीप सिंह युवा जिलाध्यक्ष ने किया।

# ग्राम पंचायतों में सरकारी धन का खुला खेल, जनता बेहाल फाइलें मालामाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में एन्टी लार्वा व हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर लाखों रुपयों की धनराशि आवंटित की जाती है। लेकिन ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा आवंटित धनराशि में जमकर बंदरबाँट किया है।

**प्रधान व सचिव की मिलीभगत से विकास को तरस रही ग्राम पंचायत**

**विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत बदरीखेड़ा का मामला**

एन्टी लार्वा व चूना छिड़काव की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत बद्रीखेड़ा में ग्रामीणों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष2024 - 25 में हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर लगभग 19 बार मे 487000 रुपयों का भुगतान कराया गया है, जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है, यही नही एन्टी लार्वा व चूना छिड़काव के नाम लगभग चार बार मे 66000 रुपयों का भुगतान कदया गया है, जिसकी अगर उच्च अधिकारियों अगर जांच की जाए तो सत्यता सामने आ जायेगी। ग्रामीणों का कहना है ग्राम पंचायत में साफ सफाई , ठेलिया कार्य , ह्यूम पाइप , प्राथमिक विद्यालय टाइलीकरण , जूनियर टाइलीकरण आदि कार्यो में भी जमकर अनिमिताये बर्ती गयी जिसकी ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है। अब देखना यह है क्या कोई जांच की जाती है या ऐसे ही छोड़ दिया जाता है।

## कान्हा गौशाला का शुभारम्भ

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणा से बेसहारा पशुओ को आश्रय के साथ समुचित देखभाल हो सके सोमवार को राजेश वर्मा,अध्यक्ष,राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं विधायक निर्मल वर्मा के द्वारा नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा धामी सराय गांव मे स्थापित कान्हा गौशाल एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना कान्हा गौशाला का लोकार्पण शुभारम्भ किया गया इस मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पेड़ भी लगा वन संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने गौशाला की स्थापना से अब बेसहारा पशुओ को सड़क पर भटकना नही पड़ेगा उन्हे यहाँ पर संरक्षित कर समुचित देखभाल होगी। इस अवसर पर निर्मल वर्मा ,विधायक बिसवां ने कहा बेसहारा पशुओ के सरकार निरंतर पूरी संवेदनशीलता के साथ बेहतरी का प्रयास कर रही है। इस मौके पर पुष्पू जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिसवां, सभासदगण, नीलम चौधरी, अधिशाषी अधिकारी, नपा,अवर अभियंता सिविल समरा साईद,संजीव पाण्डेय,अवर अभियंता जलकल, आशीष यादव,कर निरीक्षक एवं सफाई एवं खाद निरीक्षक सौरभ शुक्ला, नगर पालिका के कर्मचारी एवं गणमान्य जन उपस्थिति रहे।]

## श्री अन्न को मिले बढ़ावा, किसानों की मिली भागीदारी

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कृषि क्षेत्र में नवाचार और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को अटल सभागार में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीडी कृषि गिरीश चंद्र ने आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन और श्री अन्न योजना की 2024-25 की उपलब्धियों और 2025-26 के प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी के जरिए प्रस्तुत की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आत्मा योजना किसानों को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने का सशक्त जरिया है। सरकार की मंशा है कि खेती टिकाऊ बने और किसान की आय बढ़े। उन्होंने श्री अन्न को त्योहारों में शामिल कर पोषण और परंपरा दोनों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही अधिकारियों को योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और किसानों के सुझावों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से योजनाओं में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि श्री अन्न जैसे पोषक अनाज हमारे स्वास्थ्य और परंपरा दोनों की सुरक्षा हैं। बैठक में मौजूद कृषक प्रतिनिधियों ने योजनाओं को लेकर अपने सवाल एवं सुझाव साझा किए, जिनका मौके पर ही समाधान डीडी कृषि ने किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के सुझावों को योजनाओं में समुचित रूप से शामिल किया जाएगा। डीडी कृषि ने जानकारी दी कि विभाग में 33 प्राविधिक सहायक, 15 बीटीएम (ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर) एवं 30 एटीएम (असिस्टेंट टेक्निकल मैनेजर) समेत कुल 78 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो न्याय पंचायत स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों की सीमित संख्या के चलते एक-एक कर्मचारी को दो-दो न्याय पंचायतें आवंटित की गई हैं। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, कृषक प्रतिनिधि एवं संबंधित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रम योजना'' के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिसवां के निकट ग्राम धामी सरायं में कान्हा गौशाला का माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से माननीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश राजेश वर्मा जी के साथ माननीय विधायक बिसवा निर्मल वर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल , अधिशाषी अधिकारी श्रीमती नीलम चौधरी द्वारा कान्हा गौशाला का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग राजेश वर्मा विधायक निर्मल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल एवं अधिशासी अधिकारी श्रीमती नीलम चौधरी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' का लगाकर वन संरक्षण हेतु सभी को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी सभासद गण, अवर अभियंता (सिविल ) समरा सईद, अवर अभियंता (जल) संजीव पांडे, कर निरीक्षक आशीष यादव एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सौरभ शुक्ला सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्य टेबल टेनिस में टीएसएच के खिलाड़ियों का जलवा, लाए दो पदक

कानपुर। लखनऊ में आयोजित यूपी स्टेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट में टीएसएच (द स्पोर्ट्स हब) के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम कर लिया। सत्यम गिरि गुप्ता ने पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, वहीं आशुतोष गुप्ता ने अंडर-15 कैटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त किया। आशुतोष इससे पहले प्रथम यूपी स्टेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट (अलीगढ़) में रजत पदक भी जीत चुके हैं।

# न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्पूर्णानगर -खीरी । थाना क्षेत्र के मुरार खेड़ा कॉलोनी ग्राम में पलिया सम्पूर्णानगर मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने पिछले कई वर्षों से ग्राम में रहने वाले सरदार अमरीक सिंह की जमीन के सामने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर झोपड़ी नुमा घर बना कर रह रहे थे अमरीक सिंह ने मामले को हाईकोर्ट में याचिका दायर की । हाई कोर्ट के आदेश पर तहसील प्रशासन ने 5 जुलाई को समस्त अतिक्रमण कारियो के यहां नोटिस चश्मा कर 7 जुलाई तक जमीन खाली करने का आदेश जारी किया था कई ग्रामीणों ने तो खाली कर दिया और कई खाली नहीं कर रहे थे जिस पर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा सीओ यादवेंद्र सिंह और लोक निर्माण विभाग के तमाम अधिकारी कई थानो की फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण को हटवाया इस दौरान लोक निर्माण विभाग के जेई शारदा राम एई करिश्मा रावत तमाम लेखपाल व कानूनगो सहित भारी मात्रा में फोर्स मौजूद रही।

# अमरनाथ यात्रा के लिए निकली टोली को अंग वस्त्र सम्मान दे कर किया विदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसमंडा कमलापुर । बाबा बर्फानी के दर्शनो की अभिलाषा अपने अपने मनो मे संजोए 2 ,दर्जन से अधिक शिवभक्त विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत नवागांव के पूर्व प्रधान संजय सिंह के नेतृत्व मे हर हर महादेव बोल बम का जय घोस करते हुए सोमवार का कस्बा कमलापुर नहेर चौराहे से रवाना हुए सभी दर्शनार्थियो को निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान के प्रबन्धक समाज सेवी अभिषेक ठाकुर ने अंगवस्त्र उढाकर स्वागत सम्मान करके आशिर्वाद लिया इस मौकेपर कैलाश नाथ पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह, गयाप्रसाद,जयकिशोर सिंह,राजेश शुक्ला,दिवाकर, छोटेलाल, विमलेश कुमार, अमर सिंह, अनुज त्रिपाठी,आदर्श पांडेय, राहुल यादव, विभोर सिंह, बीनू शर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में सड़क हादसे में महिला की मौत

हमीरपुर। मौदहा कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को कामतानाथ दर्शन के लिए जाते समय महिला की बाइक से गिर गई। घायल हालत में उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौदहा कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि ग्राम रीवन निवासी रानी (22) पति अंकित के साथ बाइक से कामतानाथ दर्शन के लिए आज चित्रकूट जा रहे थी। जैसे ही दोनों बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर पहुंचे तभी महिला रानी अचानक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पति अंकित उसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच कराते हुए कार्रवाई की रही है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

## पटरी दुकानदारों की खाद्य सामग्री की भी करें जांच :एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जन सामान्य को सुरक्षित और गुणवत्तापरक खाद्य सामग्री और औषधी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। बैठक में असुरक्षित व अधोमानक खाद्य सामग्री तथा नकली दवाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एडीएम न्यायिक ने गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ और औषधि के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वैच्छिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। शासन स्तर पर चलाए जाने वाले अभियानों की समीक्षा भी की जाए। एडीएम न्यायिक ने दूध विक्रेताओं और दूध डेरियों पर भी जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित खाद्य सामग्री विक्रेताओं ने भी कहा कि फास्ट फूड और अत्यधिक तेल मसाला वाली खाद्य सामग्री की भी समय-समय पर जाँच कराई जाए। क्योंकि इससे बच्चे और युवा वर्ग अत्यधिक प्रभावित होता है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए स्ट्रीट वेंडर खाद्य सामग्री की भी जांच कराई जाए। देखा जाए कि खाद्य सामग्री में मानक के अनुसार तेल,मसाले और घी का प्रयोग किया जा रहा है की नहीं। औषधि प्रशासन की बैठक करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मेडिकल स्टोरों और फार्मा कंपनियों की भी समय समय पर जांच कराई जाए। मानक के विपरीत दवाओं को बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही ब्लड बैंको की सैंपलिंग भी कराई जाए। बैठक में डीईओ दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, एसीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार,बाल एव पुष्टाहार विभाग से सुरेंद्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा, मंडी सचिव प्रेमचंद सरोज, सीईओ मत्स्य इरफानुल्लाह खान, जिला पूर्ति अधिकारी अब्दुर्रहमान खान, व्यापार मंडल से अतुल कुमार गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र वर्मा, हरीश अवस्थी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायबरेली में आयोजित होगा साहित्यिक संस्था का वर्षगांठ कार्यक्रम, भारत मौर्य को मिला आमंत्रण



**रायबरेली।** साहित्यिक संस्था लेखनशाला अपनी स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिन रविवार, 13 जुलाई 2025 को राइजिंग चाइल्ड स्कूल, रायबरेली में प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर ''एक साल की सफलता, एक यादगार जश्न'' थीम के साथ एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी साहित्य प्रेमियों, लेखकों और पाठकों को सादर आमंत्रित किया गया है। जिसमें रायबरेली से भारत मौर्य भी शामिल है, लेखन शाला की स्थापना 13 जुलाई 2024 रायबरेली निवासी अभय प्रताप सिंह द्वारा की गई थी,संस्था का उद्देश्य लेखन, पठन एवं साहित्य के माध्यम से अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना है।

## मुरादाबाद में बारह घंटे में हुई 41 मिली मीटर बारिश, गर्मी से काफी हद तक मिली निजात



**मुरादाबाद ।** मुरादाबाद में रविवार रात से सोमवार दोपहर तक रूक-रूककर हुई बारिश ने पीतल नगरी वासियों को गर्मी से काफी हद तक निजात दे दी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मुरादाबाद में बारह घंटे के दौरान 41 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सोमवार को मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस ओर अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।सप्ताह भर से पड़ रही भीषण उमस भरी गर्मी के बाद मानसूनी बादल पसीजे तो काफी अच्छी बारिश हुई। मानसून के बादल कुछ दिनों से रूठ जाने के चलते गर्मी और उमस इतनी तेजी से बढ़ी कि भीषण उमस के बीच रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रात साढ़े दस बजे शुरू हुई तेज बारिश लगभग चार घंटे तक जमकर हुई। सोमवार सुबह बारिश फिर प्रारंभ हो गई जो दोपहर तक रूक रूककर जारी रही।राजकीय इंटर कॉलेज स्थित राजकीय मौसम वेधशाला पर रविवार रात साढ़े दस बजे से सोमवार दोहपर तक 41 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। सुबह के समय अपेक्षिक आर्द्रता सौ फीसदी दर्ज हुई। रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ प्रो एके सिंह के अनुसार मंगलवार और बुधवार को भी रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होने का सिलसिला जारी रहेगा। बारिश के चलते दिन का अधिकतम तापमान औसत से थोड़ा नीचे बना रह सकता है।

## बिजनौर में केमिकल के सहारे सुखाकर काटे जा रहे वृक्ष

**बिजनौर ।** एक ओर सरकार प्रदेश में पौधरोपण अभियान चला रही है, वहीं बिजनौर के कस्बा मंडावर सरकारी अस्पताल से आगे बाला वाली रोड पर लगभग 30 से 35 आम के पेड़ों की बाउंड्री करके उनको सुखाया जा रहा है। इसमें कुछ पेड़ सरकारी पेड़ भी हैं। क्षेत्र में वनों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र वन दरोगा वनरक्षक तैनात रहते हैं।स्थानीय लोगों ने वन विभाग में तैनात अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लाकर मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बाग मे 30 के लगभग आम के पेड़ों की बाउंड्री करके उनको सुखाया जा रहा है। वहीं सड़क के किनारे खड़े पेड़ों को भी सुखाया जा रहा हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से मण्डावर क्षेत्र के अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में वृक्षों को सुखाकर काटने का उद्योग काफी तेजी से बढ़ा है। इसके चलते हजारों फलदार वृक्षों को काटा गया है। ऐसा करने वाले अधिकांश कालोनाइजर हैं जो प्लाटिंग कर बड़ी कमाई करते हैं। इस मामले में एसडीओ वन विभाग ज्ञान सिंह ने बताया कि उक्त मामले में रेंजर को जानकारी कर उचित कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

## बदमाशों ने तमंचे की नोक पर जीजा साले से नकदी मोबाइल लूटा

हमीरपुर । जरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को रिश्तेदारी में जा रहे जीजा साले को बाइक सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर नकदी व दो मोबाइल लूट लिए।जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि चिकासी थाने के बड़ा खरका गांव निवासी कुंवरलाल पुत्र मनीराम ने बताया कि वह अपने साले प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रशेखर निवासी धगवां के साथ अपने रिश्तेदारी में कस्बा सरीला में आए थे। दोनों जैसे ही खेड़ा शिलाजीत मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी दो बाइकों पर चार बदमाश आए और आगे पीछे बाइक लगा दी। बदमाशों ने तमंचा लगाकर उनकी जेब से पांच हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए। इसके बाद बदमाश उनकी बाइक की चाबी निकाल कर फेंकते हुए भाग गए। इस दौरान बातचीत में बदमाशों ने साबिर व आकाश का नाम ले रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 10 वर्ष से बच्चे की चाह में परेशान महिला की झाड़फूंक के नाम पर ले ली जान

## नाले और नाबदान का पानी पिलाने से बिगड़ी हालत, 1 लाख में लिया था ठेका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के कंधरापुर थाना अंतर्गत पहलवानपुर गांव निवासी बलिराम यादव की पुत्री अनुराधा उम्र लगभग 35 वर्ष जिसकी शादी 2014 में तहबरपुर थाना के नैपुरा गांव हुई थी। शादी के 10 साल बीत जाने के बाद भी अनुराधा को कोई बच्चा नहीं था। उसको अपने ही गांव के पहलवानपुर हरिजन बस्ती में एक ओझा सोखा की जानकारी हुई। रविवार को शाम लगभग 6:00 बजे अनुराधा अपनी मां के साथ सोखा के घर गई। परिजनों ने बताया कि सोखा अपने चार-पांच सहयोगियों के साथ मिलकर अनुराधा को बाल पड़कर गला तथा मुंह जोर-जोर से दबाने लगा। मां से बर्दाश्त नहीं हुआ उसने ऐसा कुछ न करने को कहा लेकिन सोखाओं ने कहा कि इसके ऊपर जबरदस्त किसी की छाया है इसका यही उपाय है। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि अनुराधा को नाले और लैट्रिन का गंदा पानी भी पिलाया गया कुछ देर बाद अनुराधा की तबीयत खराब हो गई तांत्रिक सोखाओ ने अनुराधा को अपने सहयोगियों के साथ जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। अनुराधा की मौत लगभग 9:00 बजे तक हो चुकी थी। तांत्रिक सोखा शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया परिजनों ने शव को मौके पर लाकर गिरफ्तारी की मांग करने लगे सूचना मिलते ही मौके पर कंन्धरापुर थाना अध्यक्ष केके गुप्ता तथा सीओ सिटी पहुंच गए। तांत्रिक सोखा खुद कंधरापुर थाने पर पहुंच गया। शेष लोगों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। परिजनों का आरोप है कि सोखा बच्चा पैदा कराने के लिए ?100000 का ठेका किया था जिसमें लगभग?22000 एडवांस के तौर पर ले चुका था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतका दो बहन और एक भाई में बड़ी थी।

क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि यह सोखा पैसा कमाने के चक्कर में यह एक अपना गैंग बनाया था और उसका पूरा परिवार इसी में संलिप्त था। मौके पर कई छोटे बड़े मंदिर बनाकर सैकड़ो घंटा और कई मूर्तियां स्थापित करके ताम झाम बनाता था। सोखा के घर पर काफी दूर-दूर से लोग आते थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि यहां पहले भी कुछ इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। जहां सरकार बेटियों के सुरक्षा से संबंधित सारे सिस्टम बना रही है वहीं आज के दौर में अनपढ़ गवार सोखा लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों का कहना था कि इस मामले में सोखा के पूरे परिवार और उसके सहयोगियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संकलित किये गये 01 खोया व 10 पनीर के नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। आयुक्त महोदय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी महोदय आज़मगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद में विशेष अभियान चलाकर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा नरौली से 01 पनीर का नमूना, हरवंशपुर से 01 पनीर का नमूना, सर्फुद्दीनपुर से 01 पनीर का नमूना, सिधारी से 01 पनीर का नमूना, रेलवे स्टेशन तिराहा से 01 पनीर का नमूना, सरायमीर से 01 पनीर का नमूना, रानी की सराय से 01 पनीर का नमूना, बिलरियागंज से 01 पनीर का नमूना, बिन्द्रा बाजार से 01 पनीर का नमूना तथा बेलईसा से 01 पनीर व 01 खोया का नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार पनीर व खोया के कुल 11 नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। आज़मगढ़ श्री सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि छापेमार कार्यवाही आगामी पर्वो के दृष्टिगत अनवरत रूप से जारी रहेगी। उक्त छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री रजनीश कुमार, गोविन्द यादव, संजय कुमार तिवारी, सूचित प्रसाद, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, अमर नाथ, बेबी सोनम, राजीव कुमार सिंह सम्मिलित रहें।

# सीएम योगी पौधरोपण कर कल जनसभा को करेंगे सम्बोधित

## जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आज़मगढ़। नौ जुलाई को सीएम योगी आदित्यनाथ सठियांव ब्लाक के केरमा गांव (आज़मगढ़-मऊ बार्डर) में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे आएंगे। यहां यूपीडा की करीब 17 हेक्टेयर खाली जमीन पर हरियाली बढ़ाने के लिए 12 हजार पौधरोपण का शुभारम्भ करने के बाद एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। सीएम के कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। सोमवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसपी हेमराज मीना ने की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण स्थल, पंडाल, मंच, सांस्कृतिक मंच, हेलीपैड आदि का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समय से समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर आने-जाने वाले मार्गों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि वाहनों को प्रत्येक दशा में निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन गलत दिशा में पार्किंग न हो। वाहन आने वाले मार्गों पर 100-100 मीटर पर पुलिस तैनात किया जाए। उन्होने सर्विस लेन से पार्किंग स्थल पर प्रॉपर ढाल बनाने के निर्देश दिए। उन्होने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडर पास में आवश्यकतानुसार जगह-जगह प्रमुख स्थानों पर वाहनों/जन सामान्य के लिए साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त गड्ढे खुदवाने एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रॉपर तरीके से सम्पूर्ण व्यवस्था को निर्धारित समय में पूर्ण करने तथा सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारी को कार्यक्रम स्थल का भ्रमण करने एवं कार्य योजना के साथ समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि सीएम योगी आदित्यनाथ इससे पहले 20 जून को करीब 92 किमी लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का आजमगढ़ के सलारपुर टोल प्लाजा के पास एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के बाद जनसभा को सम्बोधित किए थे।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह और नीलू की 91 लाख की अचल सम्पत्ति कुर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कन्नौज । पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू की सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर की गई। जिसमें पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया। सम्पत्ति को अपराध से अर्जित होना बताया गया है।कुर्क की गई सम्पत्ति नवाब सिंह यादव की मां मूला देवी और पत्नी सुशीला देवी के नाम दर्ज है। कार्रवाई के दौरान कन्नौज बांगर क्षेत्र में स्थित सम्पत्ति को जब्त किया गया और उसे तहसीलदार की निगरानी में सौंपते हुए उन्हें सम्पत्ति का रिसीवर नियुक्त किया गया। इस कार्रवाई को विशेष रूप से ढोल-नगाड़ों के साथ इलाके में सार्वजनिक रूप से घोषित किया गया, ताकि लोगों को पता चल सके कि अपराध के खिलाफ सरकार की नीति सख्त है। मौके पर गुरसहायगंज कोतवाल आलोक दुबे, सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम सदर नवनीता राय और सीओ सदर मौजूद रहे।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नवाब सिंह यादव के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई के आदेश दिए थे। आदेशानुसार, 91 लाख रुपये मूल्य की अचल सम्पत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई। एसडीएम सदर नवनीता राय ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह सम्पत्ति नवाब सिंह यादव द्वारा आपराधिक गतिविधियों के जरिए अर्जित की गई थी। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन माफिया तत्वों पर कठोर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू पर पूर्व में भी गैंगस्टर एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि नवाब सिंह यादव इलाके में प्रभावशाली था और राजनीति की आड़ में आपराधिक गतिविधियां संचालित करता रहा है। पुत्र अभियुक्त नवाब सिंह यादव के साथ संयुक्त रूप से 29 अक्टूबर 2018 को 48 लाख रूपये का लोन मैरिज लॉन एवं रेस्टोरेन्ट के निर्माण व होटल में कमरों के निर्माण एवं संचालन हेतु लिया है।

### जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय का आदेश

कन्नौज के जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के न्यायालय से बीते सप्ताह याचिका संख्या 912/ 2025 गिरोहबंद एवम असामाजिक क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 में पारित एक आदेश के मुताबिक अभियुक्तगण द्वारा वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2025 तक दर्शित आय का स्त्रोत जिस पर इनकम टैक्स रिटर्न भरा गया है, उससे कई गुना अधिक है। अभियुक्तगण द्वारा सुयोजित तरीके से फर्जी फर्म जिसका जीएसटी में कोई रजिस्ट्रेशन न कराकर बिना आय का कोई स्रोत बताये करोड़ों रूपये का टर्नओवर घोषित किया गया है। जबकि आय का कोई विशेष स्रोत नहीं बताया गया है कि उक्त धनराशि कहाँ से प्राप्त की और इतनी आय किन स्रोतों से हुयी। यह भी उल्लेखनीय है कि अभियुक्तगण द्वारा काले धन को अवैध रूप से अधिक कृषि आय में दर्शा कर अवैध अर्जित धन को समायोजित किया गया है। गैंग लीडर नवाब सिंह यादव ने अपने भाई वीरपाल उर्फ नीलू यादव के साथ मिलकर अपराध जगत में प्रवेश करने बाद संगठित गिरोह बनाकर अवैध क्रिया कलापों से अकूत सम्पत्ति अर्जित करते हुये अपनी माँ मूला देवी तथा पत्नी सुशीला देवी के नाम से कई जमीनों की खरीद की गयी है, जिसमें कुछ रूपयों का नगद लेनदेन व कुछ अन्य प्रकार से लेनदेन बैनामें में अंकित है, जिसमें अर्जित धनराशि का कोई प्रमाणिक साक्ष्य नही है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने की शांति समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कन्नौज । जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गुरू पूर्णिमा (आषाढ़ी पूर्णिमा), सावन माह एवं कांवड यात्रा आदि पर्वों त्योहारो के उपलक्ष्य में जिला शांति समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि हरदोई मोड़ से मेंहदीघाट पुल तक जर्जर/ गड्डायुक्त मार्ग को गड्डामुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि मेंहदीघाट मार्ग पर लगे हैण्डपम्प का पानी रोड पर फैलता हैं, जल निकासी आदि की व्यवस्था नगर पालिका कन्नौज एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर समस्या का निस्तारण करें।जिलाधिकारी ने कहा कि गुरू पूर्णिमा के दृष्टिगत मेहदीघाट पर प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि शौचालय पर स्त्री व पुरूष का संकेतक स्टीकर लगा होना चाहिए। वस्त्र बदलने के लिये चेंजिग रूम की अच्छी व्यवस्था की जाए। कहा कि बैरिकेडिंग एवं पार्किग स्थल का कार्य यथाशीघ्र करा लिया जाये। घाटों की साफ-सफाई व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाये। पार्किंग स्थल पर लाईट की व्यवस्था होनी चाहिए। मेडिकल टीम व खोया-पाया केन्द्र एवं कन्ट्रोल रूम एक्टिव मोड में हों। अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिये एनडीआरएफ/गोताखोरों की टीम सतर्क मोड में रहनी चाहिए। मेहदीघाट पुल पर लाईटों की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये तथा लाईटें नियमित संचालित होनी चाहिए।श्री अग्निहोत्री ने कहा कि जनपद में बड़ी मात्रा में कांवड आती हैं, कांवड यात्रा को लेकर सभी मंदिर एवं सांस्कृतिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था अच्छे से करा दी जाये। उन्होनें फूड सेफ्टी को लेकर निर्देश दिये कि मेले क्षेत्र में सभी दुकानों पर रेट लिस्ट, एवं लाईसेंस की प्रतिलिपि लगी होनी चाहिए। मिलावटी खाद्य पदार्थों को अभियान चलाकर जांच की जाये। मेले में भारतीय सांस्कृतिक सभ्यता का प्रचार होना चाहिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम के जनता दर्शन में 435 किमी का सफर तय कर बागपत से कानपुर पहुंचा फरियादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कानपुर । डीएम कार्यालय में जनता दर्शन में एक रोचक प्रसंग उस समय सामने आया, जब जनपद बागपत की तहसील बड़ौत के एक छोटे से गांव से आए राजकुमार ने कहा कि विश्वास की डोर मुझे बागपत से कानपुर तक ले आई। आप से ही समाधान की उम्मीद है। पीड़ित करीब छह महीना पहले बागपत में तत्कालीन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से मिला था। जहां उन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए थे। लेकिन समाधान से पहले ही डीएम का स्थानांतरण जनपद कानपुर नगर हो गया। इसके बाद भी राजकुमार को भरोसा था कि जो अफसर उनकी बात को इतनी संजीदगी से सुन सकता है, वह कहीं भी रहेगा, मदद जरूर करेगा। उसी विश्वास के सहारे उन्होंने 435 किलोमीटर का सफर तय किया और सोमवार को कानपुर के जनता दर्शन में पहुँचे।यहाँ भी जिलाधिकारी ने पहले की ही तरह उनकी बात गंभीरता से सुनी और बागपत के संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की तथा शीघ्र समाधान हेतु अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने राजकुमार को जलपान कराया और रेलवे स्टेशन तक पहुँचाने के लिए सरकारी वाहन की भी व्यवस्था की गई।प्रकरण के विषय में राजकुमार ने बताया कि उन्हें डीएम साहब के निर्णयों और संवेदनशीलता पर पूरा विश्वास था। इसी विश्वास के सहारे वे लगभग छह महीने बाद कानपुर पहुंचे। यहां भी उन्होंने मुझे पूर्व की तरह गंभीरता से सुना और समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया।जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता दर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान किया जा रहा है।

# यूपी टाइगर,गोंडा से चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। देवीपाटन मंडल व पूर्वांचल की राज नीति में एक सूरज अब डूब गया है। देर रात दुनिया को अलविदा कह कर चला गया है। गोंडा लोकसभा क्षेत्र से चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह का राजनीतिक जीवन अत्यंत शानदार और प्रभावशाली रहा उनके निधन से उत्तर प्रदेश के राजनीतिक प्रदृश्य में एक युग क़े अंत का प्रतीक है। लेकिन उनके द्वारा अपने राजनीतिक कैरियर में किए गए कार्य आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए है। चाहे विकास की बात हो या फिर रोजगार की बात हो उन्होंने हर क्षेत्र में गोंडा लोकसभा में कार्य किया है।

कुंवर आनंद सिंह के ही समय में एशिया की सबसे बड़ी टेलीफोन फैक्ट्री मनकापुर आईटीआई में लगाई गई थी। जिससे क्षेत्र में रोजगार का सृजन हुआ था,कुंवर आनंद सिंह का जन्म चार जनवरी 1939 को मनकापुर में एक शाही परिवार में हुआ था। कुंवरआनंद सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गोंडा और लखनऊ में प्राप्त की और आगे कानून की पढ़ाई के लिए वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने चले गए थे।कुंवर आनंद सिंह का राजनीतिक कैरियर 1970 क़े दशक में शुरू हुआ था उसके कुछ ही दिन बाद उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। कुवर आनंद सिंह कीराजनीतिक यात्रा 1971 में लोकसभा चुनाव में सुर्खियों में आए थे।जब उन्होंने अपने चाचा देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ लल्लन सिंह को हरा कर गोण्डा लोकसभा सीट जीती थी।उसके बादये चुनावी मुकबला उनके राजनीतिक जीवन का अहम रोल साबित हुआ जिससे व कंाग्रेस पार्टी में एक प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे 1971 क़े चुनाव में कंाग्रेस के सिंडिकेट गुट से अपने चाचा के खिलाफ चुनाव लड़ा जो कंाग्रेस के इंदिरा गुट से थे ये पारिवारिक प्रतिबद्धता वाला चुनाव उनकी रणनीतिक समझ और जनता क़े बीच



लोकप्रियता का प्रतीक बन गए थे।कुंवर आनंद सिंह ने 1971 में पहली बार गोंडा लोकसभा सीट से चुनाव जीता और वे लगातार तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया 1980 व 1984 और 1989 में लोक सभा में उनकी उपस्थिति प्रभावित थी जहां उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठया करते थे।कुंवर आनंद सिंह अपने तीखे तेवर वेबाक बयानों और मुद्दों पर अडिग रहने क़े प्रतिबंधि रहने के कारण ही उन्हें यूपी टाइगर की उपाधि मिली वे एक ऐसे नेता थे जो वह जनता से सीधे जुड़ाव रखते थे उनकी समस्यों को सुलझाने के लिए सदैव तप्तऱ रहते थे।उनकी छवि एक जुझारू और संघर्षील नेता क़े रूप में थी। जिन्होंने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और उनका प्रभाव गोंडा ही नहीं बल्लिक पूरे देवी पाटन मंडल के क्षेत्र में था।उन्होंने खुद को एक प्रमुख क्षत्रिय नेता के रूप में स्थापित किया कुंवर आनंद सिंह ने न केवल संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि 2012 में समाज वादी पार्टी की अखिलेश यादव की सरकार में महत्वपूर्ण पद पर रहे वहाँ कैबिनेट मंत्री बने और उन्होंने विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां संभाली जिनमे कृषि मंत्रालय भी शामिल था।कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने किसानों के उत्थान और कृषि संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य किया। एक बार उन्होंने अपने विभाग में अधिकारियों क़े खिलाफ शिकायतों की जांच को बिना उनकी अनुमति क़े रोकने का फैसला लिया जिससे वह विवादों में भी आ गए थे। ये फैसला तब आया जब विभाग में करीब 59 करोड रुपए का घोटाला सामने आया था।हालांकि उनके इस फैसले की आलोचना भी हुई थी।उनके सहयोगियों ने भी असहमति जताई थी लेकिन अंत में यह फैसला निष्पक्षता की दृष्टि से सही साबित हुआ और बेवजह निलंबन औऱ बर्खास्तगी की घटनाएं को रोकी जा सकी। कुंवर आनंद सिंह का प्रभाव केवल राजनीतिक गलियारों तक ही नहीं था वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योग दान दिए मनकापुर क्षेत्र में उनके प्रयास से कई विकास कार्य हुए थे, उन्होंने स्थानीय लोगों के जीवन को बेहतर बनाया था।कुंवर आनंद सिंह के विरासत को उनके पुत्र कीर्ति वर्धन सिंह के द्वारा आगे बढ़ाई जा रही जो वर्तमान में गोंडा लोकसभा से सांसद और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री हैं औरकीर्तिवर्धन सिंह भी अपने पिता की तरह राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं और मनकापुर राजघराने के प्रभाव को बनाए हुए हैं, कुंवर आनंद सिंह का उत्तर प्रदेश विशेष कर गोंडा जिले क़े राजनीति में योगदान में एक सिद्धांत वादी और मजबूत नेता के रूप में याद किया जाता है।उनका प्रभाव और उनकी उपलब्धियांआज भी पूर्वांचल की राजनीति में एक मिसाल मानी जाती है और वह आज भी क्षेत्र में एक प्रभाव शाली और चर्चित नाम है।कुंवर आनंद सिंह का निधन उत्तर प्रदेश के राजनीति क़ेलिए एक बड़ी क्षति है। उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने अपने जीवन को जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया और यूपी टाइगर के रूप में एक अमिट छाप छोड़ चले गए है।वही मनकापुर राजघराने का जो दबदबा पूर्वांचल की राजनीति में सक्रिय रहा।जब मनकापुर स्टेट के कुंवर आनंद सिंह के निधन का समाचार यहां के लोगों को मिला, तो सिर्फ सड़के ही सन्नाटे में नहीं डूब गई बल्कि लोगों ने पूरी की पूरी बाजार ही बंद कर दी है। और ऐसा सिर्फ वही लोग करते है जो आपके अपने होते हैं।उनके निधन से मनकापुर राज घराने में और गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में शोक की लहर है।

# पारिवारिक विवाद,बेटे ने पिता को मारा चाकू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भभुआं चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुढ़वलिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।घरेलू विवाद के चलते एक बेटे ने अपने ही पिता पर चाकू से हमला कर दिया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार,मयंक वर्मा ने किसी बात को लेकर गुस्से में आकर अपने पिता मनोज वर्मा पर चाकू से वार कर दिया।अचानक हुए इस हमले में मनोज वर्मा लहूलुहान हो गए और मौके पर ही गिर पड़े।सूचना मिलते ही भभुआं चौकी प्रभारी अंकित सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा या गया।डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना से गांव में सनसनी फैल गई है और लोग इस पारिवारिक विवाद को लेकर स्तब्ध हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरो पी की तलाश की जा रही है और घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।वहीं पूरे मामले पर करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आरोपी को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत वैधा निक कार्रवाई की जा रही है।

# हुसैनी अकीदत और परम्पराओं के साथ नानपारा में सम्पन्न हुआ मोहर्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नानपारा सहित पूरे क्षेत्र में हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मोहर्रम गम और अकीदत के साथ संपन्न हुआ। ताजियादारी, सबीलें, मजलिसें और लंगर के माध्यम से पूरे नगर में गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत मिसाल पेश की गई। दस दिनों तक चले इस ग़मगीन माहौल में लोगों ने फातिहाख्वानी और मजलिसों के जरिए कर्बला के शहीदों को याद किया। सातवीं और आठवीं मोहर्रम को स्थानीय कब्रिस्तान रोड और स्टेशन रोड पर छड़ों व अलम का मिलान हुआ और नवी मुहर्रम की रात ताजियादारों ने ताजिया रख फातिहाख्वानी आदि करवाया वही शिया समुदाय की ओर से इमामबाड़े के पास अंजुमन अब्बासिया के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नंगे पांव अंगारों पर चलकर आग का मातम किया, जिसे देख हर आंख नम हो गई। दसवीं मोहर्रम की शाम नगर के अलग-अलग मोहल्लों व ग्रामीण क्षेत्रों से आई ताजिया इमामगंज चौराहे पर एकत्र हुई और मिलान करवाने के बाद करबला में सुपर्द ए खाक की गई। इस दौरान ह्लया हुसैनङ्क की सदाएं गूंजती रही। सुरक्षा के लिहाज से पूरे कस्बे में पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम लालधर यादव, सीओ प्रद्युम्न कुमार सिंह, कोतवाल रामाज्ञा सिंह, तहसीलदार नानपारा, नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल वहीद, कस्बा इंचार्ज पूर्णेश नारायण पांडे, राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा समेत प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर मौजूद रहकर निगरानी की।मोहर्रम कमेटी ने सकुशल मुहर्रम संपन्न होने पर प्रशासन व पुलिस का आभार जताया। कमेटी की ओर से प्रमुख अधिकारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। देर रात तक इमामगंज चौराहे पर काफी संख्या में लोगों का मजमा रहा और ताजियों को गमगीन माहौल में स्थानीय कर्बला में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। इस मौके पर कमेटी के नदीम चौधरी, शफीक कुरैशी, सैय्यद अब्दुल वली, भोला कुरैशी, डॉ एखलाक सहित समाजसेवी और संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# दर्जी कुआं क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा अवैध मिट्‌टी खनन,प्रशासन बना मूकदर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र केग्रामीण इलाकों में अवैध मिट्टी खनन का कारो बार चरम पर है।खेतों से जेसीबी,और लोडर मशीनों के जरिए मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर बेचा जा रहा है,लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।इस पूरे मामले में न तो प्रशासन सजग है और न ही खनन विभाग गंभीर नजर आ रहा है।किसानों की उपजाऊ जमीन का दोहन कर खनन माफिया मुनाफा कमा रहे हैं,जबकि शासन की मंशा को ठेंगा दिखाया जा रहा है।दर्जी कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र के दर्जी कुआं मनकापुर मार्ग पर दर्जी कुआं से पांच सौ मीटर की दूरी पर एक मंदिर के पीछे जेसीबी मशीन से यह खनन खुलेआम हो रहा है।सूत्र बता रहे है कि खेत मालिकों को मामूली रकम का लालच देकर चार-पांच फीट तक गहराई में मिट्टी निकाल दी जाती है,जिससे उपजाऊ जमीन बर्बाद हो रही है।वही सरकारी नियमों के अनुसार केवल सौ घन मीटर (33 ट्रॉली) मिट्टी की अनुमति ऑनलाइन प्रक्रिया के बाद दी जा सकती है,लेकिन यहां प्रतिदिन सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है।जब छापेमारी की सूचना मिलती है,तो मशीनें छिपा दी जाती हैं और टीम के जाते ही दोबारा काम शुरू हो जाता है।पुलिस और खनन विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं।खनन माफिया द्वारा इस तरह की बेखौफ हरकतें न सिर्फ कानून का उल्लंघन हैं,बल्कि जिले की कृषि व्यवस्था को भी दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा रही हैं।यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो उपजाऊ ज़मीन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।दर्जी कुआं पुलिस चौकी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खनन माफिया के द्वारा मिट्टी खोदाई होती है।आरोप है कि जेसीबी से खनन के लिए बड़ी संख्या में सुविधा शुल्क की राशि जिम्मेदार एजेंटों के माध्यम से ले रहे हैं।वही दर्जी कुआं पुलिस चौकी प्रभारी का कहना है कि अवैध खनन की जानकारी नहीं है।जांच कराई जा रही है।वही इसकी सूचना खनन अधिकारी से ली गई तो उन्होंने बताया कोई खनन का परमिशन नहीं है हमें वहां का लोकेशन भेज दीजिए और हम अभी इ से दिखवाते हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें।बताते चलें कि जन समस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लगभग एक बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# बदमाशों ने तमंचे की नोक पर जीजा साले से नकदी मोबाइल लूटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । जरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को रिश्तेदारी में जा रहे जीजा साले को बाइक सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर नकदी व दो मोबाइल लूट लिए।जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि चिकासी थाने के बड़ा खरका गांव निवासी कुंवरलाल पुत्र मनीराम ने बताया कि वह अपने साले प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रशेखर निवासी धगवां के साथ अपने रिश्तेदारी में कस्बा सरीला में आए थे। दोनों जैसे ही खेड़ा शिलाजीत मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तभी दो बाइकों पर चार बदमाश आए और आगे पीछे बाइक लगा दी। बदमाशों ने तमंचा लगाकर उनकी जेब से पांच हजार रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए। इसके बाद बदमाश उनकी बाइक की चाबी निकाल कर फेंकते हुए भाग गए। इस दौरान बातचीत में बदमाशों ने साबिर व आकाश का नाम ले रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# वजीरगंज मनरेगा के मस्टररोल में खेल,डीसी मनरेगा निभा रहे जांच में औपचारिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के वजीरगंज विकास खंड में भी जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर फर्जी मस्टर रोल का खेल चल रहा है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक यही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखा है,जिससे श्रमिकों को गांवों में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत चंदापुर,अनभुला,रायपुर,अचलपुरके साथ ही करनीपुर,परसापुर महरौड़, नियामत पुर,नौबस्ता,कोंडर,दुर्जनपुर घाट व भोपतपुर में ग्राम प्रधान तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए।इतना ही नहीं,हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है। फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरने का काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं, बाकी मजदूर कागजों में दिखाए जाते हैं ग्रामीणों के अनुसाऱ प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहता है।गांव वालों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें, तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी और निश्चित रूप से इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को लूटने पर रोक लगेगी।

## मस्टर रोल में किया जा रहा खेल

वजीरगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत चंदा पुर में 231,अनभुला में 130,रायपुर में 107 और अचलपुर में 78,भोपतपुर में 100,खान पुर में 111मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है,लेकिन वास्तविकता के धरातल पर तस्वीर चौंकाने वाली है।वहीं दूसरी तरफ करनी पुर,परसापुर महरौड़,नौबस्ता नियामतपुर, कॉडरदुर्जनपुर घाट व भोपतपुर में भी मस्टर रोल में बड़े स्तर पर खेला किया जा रहा है।

## अनियमितता बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा सख्त हैं और लगातार निगरानी भी करा रही हैं।इतना ही नहीं शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं लेकिन इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी ही है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा का कह ना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विरासत गलियारे का सड़क चौड़ा होगा साढ़े बारह मीटर

**833 दुकानों मकानो के जमीनों का मंगलवार से होगा रजिस्ट्री**

**283 बचे दुकान मकान का भी साथ में कराया जाएगा रजिस्ट्री**

गोरखपुर। आम जनमानस व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विरासत गलियारे की सड़क साढ़े बारह मीटर चौड़ीकरण किया जाएगा। विरासत गलियारे के अंतर्गत पांडेयहाता से धर्मशाला बाजार तक सड़क चौड़ीकरण हो रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विरासत गलियारे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद आम जनमानस और व्यापारियों की मांग पर सड़क साढ़े बारह मीटर किया जा रहा। आज सदर तहसील में एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता ने सदर तहसील के संबंधित अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों संग बैठक कर विरासत गलियारे में कुल 833 मकान व दुकान पड़ रहे हैं जिसमें 550 मकान और दुकान की रजिस्ट्री हो चुकी है बचे 283 मकान दुकान की रजिस्ट्री के साथ 833 मकान दुकान के जमीन की रजिस्ट्री सदर तहसील के लेखपालों को कराने के लिए लगा दिया गया है। साढ़े बारह मीटर सड़क चौड़ा हो जाने से व्यापारियों और आमजन मानस को सहूलियत मिलेगा संबंधित लेखपालों को मंगलवार से जमीनों और मकान दुकान की रजिस्ट्री साथ-साथ कराने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं। बैठक में एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता उपजिलाधिकारी /तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह नायब तहसीलदार नोडल गोडधोइया नाला प्रद्युम्न सिंह पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी कानूनगो लेखपाल मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़कर, उनका कर रही है विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश से बालश्रम उन्मूलन के लिए विशेष कार्य किये गये है। प्रदेश सरकार बालश्रमिकों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ रही है। प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत प्रदेश में संचालित इस योजना के अन्तर्गत ऐसे बाल श्रमिकों जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है अथवा वे किसी गंभीर रोग से ग्रस्त होने के कारण कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे कामकाजी बच्चों के लिए आर्थिक सहायता की धनराशि प्रत्येक माह रु. 1000 बालकों के लिए व रू.1200 बालिकाओं के लिए दी जाती है। लाभार्थी कामकाजी बालक/बालिका व किशोर/किशोरी योजना के अन्तर्गत कक्षा-8, 9, एवं 10 तक शिक्षा प्राप्त करते है तो उन्हें कक्षा-8 उत्तीर्ण करने पर रू. 6000 की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष 8-18 आयु वर्ग के 2000 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत रू0 3.00 करोड़ आवंटित किए गए हैं। जिससे पात्र बालक/बलिकाओं की शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है।बाल श्रम सर्वेक्षण योजना में बाल श्रम समस्या का आंकलन कराने हेतु बाल श्रम सर्वेक्षण कराया जा रहा है, जिसमे 09-14 आयु वर्ग के खतरनाक व्यवसायों/प्रक्रियाओं में चिन्हांकित बाल श्रमिकों के शैक्षिक पुनर्वासन हेतु राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त करने की योजना राज्य सेक्टर से स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत धनराशि रू0 5.00 लाख आवंटित किया गया है। जिससे सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।नया सवेरा योजना अन्तर्गत नया सवेरा योजना के अन्तर्गत यूनीसेफ के सहयोग से प्रदेश के बाल श्रम से सर्वाधिक प्रभावित 20 जिलों के चिन्हित 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाना है। योजना में 20 जिलों के 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों में संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 1197 ग्राम व वार्डों का सर्वेक्षण पूर्ण कराकर 6-14 आयु वर्ग के 41285 कामकाजी बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिसके सापेक्ष 33405 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में प्रवेशित/नियमित कराया गया है। इसी प्रकार 15-18 आयु वर्ग के 14825 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को चिन्हित किया गया है तथा उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोड़े जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# भिक्षा मुक्त काशी अभियान फिर चलेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी में फिर बढ़ती भिखारियों की संख्या और नगर के प्रमुख चौराहों पर उनकी सक्रियता को देखते हुए शहर में फिर भिक्षा मुक्त काशी अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर जिले के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने सोमवार को विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने भिक्षा मुक्त काशी अभियान के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि मंगलवार से अगले रविवार तक पूर्व से गठित टीम काशी विश्वनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन, चौराहे, काल भैरव मंदिर, श्री संकट मोचन मंदिर आदि स्थानों पर अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि भिक्षा वृत्ति मुक्त काशी के लिए नगर निगम, पुलिस, समाज कल्याण, चाइल्ड लाइन की एक स्थायी टीम का गठन कर अपना घर संस्था की टीम के साथ इस कार्यक्रम को रोस्टर बना कर किया जाएगा। स्माइल प्रोजेक्ट के तहत संस्था अपना घर प्रमुख स्थलों के अतिरिक्त स्लम एरिया में भी भिक्षा मांगने वालों का सर्वे करेगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शांति देवी उर्फ लखपता पत्नी जगदीश गुप्ता निवासिनी ग्राम मैनपुर डॉ.रामापुर भगाही जिला गोंडा की हूँ। इंडियन बैंक शाखा बैजलपुर में बचत खाता है जिसका खाता संख्या 21393564371 है। आधार कार्ड में नाम शांति देवी व बैंक खाता में नाम लखपता है। शपथिनी को दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

प्रार्थनी
शांति देवी पत्नी जगदीश गुप्ता
ग्राम मैनपुर डॉ.रामापुर भगाही
जिला-गोंडा उप्र

# सिपाही को पीटने वाले पत्नी और बेटों के साथ आरोपी गए जेल

## पिटाई के दौरान मूक दर्शक बने दूसरे पुलिसकर्मी की होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट के मामले में दंपति और पुत्रों सहित पांच को जेल भेजा गया है। पुलिस कर्मी को पीटने की वीडियो वायरल होने के बाद महकमा हरकत में आया। साथी की पिटाई पर मूक दर्शक बने दूसरे हेड कांस्टेबल के खिलाफ विभागीय जांच बैठाई गई है। मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों की भी पुलिस तलाश कर रही है। एक दिन पहले सलामत की अपने दो बेटों के साथ लंगड़ाते हुए माफी मांगने की वीडियो वायरल हुई थी।कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल महावीर सिंह अपने साथी वीरेंद्र कुमार के साथ 4 जुलाई रात गस्त कर रहे थे। तभी गांव ढका में केनरा बैंक से पहले वाली गली के सामने भीड़ लगी देखी। अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिसकर्मियों ने भीड़ लगने का कारण पूछा। तभी सलामत शाह, उनका बेटा सोनू शाह, तस्व्वर अली और सिकंदर शाह पुलिसकर्मियों से अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। इसके बाद हेड कांस्टेबलों ने सभी जाने को कहा। हेड कांस्टेबलों ने सभी को अपने घरों में जाने की राय दी। तभी पिता पुत्र उत्तेजित होकर सरकारी कार्य में बाधा डालकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने हेड कांस्टेबल का मोबाइल भी छीन लिया। इस कारण वह उच्च अधिकारियों को तत्काल घटना से अवगत नहीं कर सके। बमुश्किल भीड़ से निकलकर पुलिसकर्मी थाने पहुंचे। मारपीट में वर्दी फट गई। नेम प्लेट, सिटी, डोरी भी कहीं निकल गई। पिटाई से शरीर में गुम चोटे आई हैं। घायल का मेडिकल भी कराया गया है। रविवार सुबह मारपीट की वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। इसमें हेड कांस्टेबल महावीर एक व्यक्ति के थप्पड़ मारते देखे जा रहे हैं। इसके बाद उग्र हुए लोगों ने उनकी जमकर पिटाई लगाई। 4/5 जुलाई की रात पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन को हिरासत में लिया था। शनिवार सभी का शांति भंग में चालान किया गया था। रविवार सुबह हेड कांस्टेबल को नाली में डुबोकर पीटने की वीडियो वायरल होने के बाद महकमें में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस ने आनन फानन में सलामत और उनके बेटे सोनू शाह और सिकंदर अली को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों की लंगड़ाते हुए कोतवाली में माफी मांगने की भी वीडियो में वायरल हुई थी। इसके बाद घटना में शामिल सलामत की पत्नी महमूदन और गुलफान को भी पुलिस ने पकड़ लिया। सोमवार सभी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया है। साथी की पिटाई की दौरान चुपचाप खड़े हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हुई है।

> पुलिसकर्मी के साथ मारपीट के मामले में पांच को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। दूसरे पुलिसकर्मी वीरेंद्र के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी पड़ताल की जा रही है।
>
> प्रतीक दहिया
> सीओ पूरनपुर

# कोतवाली पुलिस के दरोगा ने पेश की इंसानियत की मिसाल, होटल ले जाकर राहगीर को कराया भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता







पीलीभीत।कोतवाली के अधीन देवहा चौकी पर कार्यरत उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा ने एक बुजुर्ग राहगीर को खाना खिला कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग राहगीर भूख प्यास से तड़प रहा है। उस बुजुर्ग राहगीर की तड़प उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा से देखी नहीं गई। उन्होंने तत्काल उस राहगीर को पास में ही स्थित एक होटल पर ले गए आराम से कुर्सी पर बैठ कर होटल स्वामी को उस राहगीर को भोजन कराने का ऑर्डर देकर बिल का पेमेंट उसी समय तुरंत ऑनलाइन होटल मालिक के खाते में कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित देवघर चौकी इंचार्ज देवेंद्रसिंह राणा उस समय ड्यूटी के दौरान गस्त में थे।बुजुर्ग राहगीर को देख उन्होंने पूछा आप इस तरह अकेले क्यों बैठे हैं? बुजुर्ग राहगीर ने बताया कि वह कई दिनों से भूखे हैं। इतना सुनते ही उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा पास में ही स्थित होटल में ले गए।और उस राहगीर को भोजन करा कर इंसानियत पेश की है। उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा ने आज साबित कर दिया कि इंसानियत बहुत बड़ी चीज है। साथ ही यह अपील भी कि है। कि समाज से अन्य लोगों को भी हमेशा आगे आकर समाज की सेवा करना चाहिए। सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का धर्म होता है। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं होता है। किसी भूखे को भोजन करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है।हम सबको इस पुण्य के कार्य में बढ़-चढ़ हिस्सा लेना चाहिए।

## पुलिस ने साइबर फ्राड से जून में निकाला गया साढ़े पांच लाख रुपया कराया वापस

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना साइबर क्राइम पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जून माह में अब तक धोखाधड़ी व गुमराह कर आम जनमानस के बैंक खातों,वॉलेट,क्रेडिट डेबिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये रुपये में से पांच लाख अड़तालिस हजार सात सौ छियासी रूपये को पीड़ितों के खातों में वापस कराया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम पुलिस जनपद अमेठी द्वारा एक जून से तीस जून तक साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गहनता से तथ्यात्मक बिन्दुओं की छानबीन करके तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये कुल आठ पीडितों के खातों,वॉलेट, क्रेडिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये कुल रुपये में से पांच लाख अड़तालिस हजार सात सौ छियासी रुपया पीडितों के बैंक खातों में वापसब कराया गया है। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि साइबर फ्रॉड से सम्बंधित सुरक्षा और बचाव के लिये अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि गूगल सर्च से सावधान रहें, किसी भी सेवा या संस्थान का कस्टमर केयर नम्बर उनकी आधिकारिक बेबसाइट से ही प्राप्त करें और साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

## तबादला नीति को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी-कर्मचारी

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहां एक ओर राज्य शासन द्वारा बड़े पैमाने पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे हैं, वहीं बल्दीराय तहसील क्षेत्र में कई अधिकारी और कर्मचारी वर्षों से अपनी कुर्सियों से चिपके हुए हैं। बल्दीराय विकास खंड में तैनात वरिष्ठ लेखाकार सत्य नारायण गौतम पिछले 4 वर्षों से जमे हुए हैं। इनके पास बल्दीराय ब्लॉक के साथ-साथ दूबेपुर और कूड़वार ब्लॉक का भी चार्ज है। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका साहू 6 वर्षों से बल्दीराय में तैनात हैं, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह भी 3 वर्षों से इसी पद पर कार्यरत हैं। वन विभाग के नरेंद्र सिंह की पोस्टिंग को तो 15 वर्ष हो चुके हैं,वे लगातार एक ही जगह पर डटे हुए हैं। इसी तरह बल्दीराय थाना में कांस्टेबल पवन कुमार 5 वर्षों से अपनी तैनाती पर कायम हैं। राजकीय बीज भंडार बहुरावा बल्दीराय में गोदाम प्रभारी अशोक वर्मा पिछले 12 वर्षों से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती शासन की तबादला नीति पर सवाल खड़े करती है। अमर बहादुर का कहना है कि जिला प्रशासन को ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची बनाकर तत्काल प्रभाव से तबादला करना चाहिए ताकि शासन की नीति का अनुपालन हो सके और कामकाज में पारदर्शिता आए।

## बेरोजगार युवक-युवतियों का नामांकन 08 जुलाई से

दूबेपुर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेरोजगार जन कल्याण संस्थान वाराणसी उत्तर प्रदेश के द्वारा भू-मापन प्रशिक्षण का आयोजन विकास खण्ड मुख्यालय दूबेपुर सुलतानपुर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी प्रवीण कुमार दुबे ने बताया कि बेरोजगार युवक/युवतियों को पहले अपना नामांकन कराना होगा। नामांकन 08 जुलाई से 12 जुलाई 2025 दिन शनिवार तक विकास खण्ड दूबेपुर के सभागार कक्ष में समय 11 बजे से 03 बजे तक होगा। न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल एवं उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष होगी ओ। इसमें ग्रामीण व नगरीय युवक - युवतियां अपना नामांकन करा सकते हैं। जिसमें भू-मापन, सर्वे नियम, चकबंदी, नक्शा, पैमाईश, भूमि हदबंदी, समाज सम्बंधित, विकास सम्बन्धी जानकारी के साथ अनुभव प्रमाण पत्र एवं रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसका प्रशिक्षण विकास खण्ड के सभागार कक्ष में कराया जायेगा।

## वर्षों से एक ही थाने में जमे पुलिस कर्मियों का अब होगा ट्रांसफर

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के थानों में सालों से कब्जा जमाए कर्मचारियों का फ़ेरबदल होगा जल्द शुरू। पुलिसिंग को चुस्त दुरूस्त करने के लिए एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने तैयारी कर ली है। इससे हरेक थाना प्रभावित होगा। नई बनने वाली सूची में थानेदार, हवलदार से लेकर आरक्षक स्तर तक के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। पुलिस थानों में बेहतर पुलिसिंग के लिए रोटेशन प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जाता है। इससे जहां पुलिस की कार्यप्रणाली चुस्त दुरूस्त रहती है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मी रिचार्ज भी होते रहते है। बावजूद उसके पिछले कई सालों से इसपर ध्यान नहीं दिया गया है। इसका फायदा पुलिसकर्मी उठा रहे है। कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, कुड़वार, धम्मौर, कूडेभार, दोस्तपुर, बल्दीराय, लंभुआ, अंखडनगर, कादीपुर जैसे थाना क्षेत्र शामिल है। इन थानों में अधिकांश जवान और प्रधान आरक्षक ऐसे है, जो बनाई गई तबादले की सूची में प्रभावित नहीं हो सकते है। यही वजह है कि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने नई रणनीति के तहत थानों को सर्जरी करने की योजना बनाई है। इसके लिए बाकायदा सभी थानों के कर्मचारियों की कार्यअवधि की सूची तैयार करने के निर्देश दे दिए गए है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में सूची के अनुसार फ़ेरबदल किया जाएगा।पुलिसकर्मियों को दुरूस्त करने रोटेशन प्रक्रिया जरूरी है। इसमें सूची बनने के बाद ही कितने कर्मचारी प्रभावित होंगे,बताया जा सकता है।

## भाजपा नेत्री महिला ने थानाध्यक्ष पर अभद्रता का लगाया आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के हजारा थाना क्षेत्र के गांव सिद्धनगर की रहने वाली पूर्व प्रधान एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रामनगर मंडल ने बताया कि चार बर्ष के लिए ठेके पर ली भूमि पर लगी फसल को दंबग लोगों ने जोत दिया था। इस संबंध में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी। जिससे नाराज हजारा थानाध्यक्ष ने पीड़िता के साथ अभद्रता की। पीड़िता ने मामले में पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## यात्री प्रतीक्षालय में फैली गंदगी को लेकर यात्री परेशान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र का गांव चंदिया हजारा में विकास और स्वच्छता अभियान के नाम पर सिर्फ सरकारी धनराशि को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है। आरोप है ग्राम प्रधान चुनाव के बाद से गांव में लोगों की समस्याओं को सुनने तक नहीं पहुंचे और गांव में आज भी पुरानी सड़कों पर पानी भर जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया यात्री प्रतीक्षालय में गंदगी होने की वजह से इस में बैठ नहीं पाते और न ही इसकी साफ सफाई को लेकर कौई ध्यान दिया जा रहा है। जिसके चलते लोग परेशान हैं।

# जनहित मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## किसानों की समस्या को जल्द करें दूर अन्यथा होगा व्यापक आंदोलन : तेज बहादुर पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कांग्रेस नेताओं ने जनपद की जनहित मुद्दों को लेकर शहर के तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता व पूर्व 'कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक के नेतृत्व व जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद, एडवोकेट मिर्ज़ा अकरम बेग, अमोल बाजपेई योगेश पांडे सलाउद्दीन हाशमी रणजीत सिंह सलूजा' सहित अन्य नेताओं के सहयोग से शहर स्थित तिकोनिया पार्क में किसानों को समय से खाद बीज व नहरों में पानी टेल तक ना पहुचाएं जाने अथवा जयसिंहपुर ब्लॉक स्थित सेमरी मौहरिया बाजार में बनी 3 मीटर की सीसी रोड के दोनों तरफ जल निकासी न होने को लेकर जमकर प्रदर्शन किया उसके बाद जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय मांग पत्र देकर समस्या का जल्द निस्तारण करने की मांग किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की जयसिंहपुर के सेमरी मौहरिया बाजार में बनी 3 मीटर की सीसी रोड के दोनों तरफ पक्की नाली का निर्माण सुनिश्चित हो जिससे आवागमन सुचारू रूप से चल सके। सूखी पड़ी नहरो में पानी टेल तक पहुंचाया जाए जिससे किसानो को धान की रोपाई में कोई समस्या ना उत्पन्न हो। सरकारी सोसाइटियों पर खाद की किल्लत को दूर किया जाए आदि मांगों को लेकर कंाग्रेसियों में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या को दूर किए जाने की मांग की है। इस दौरान 'कंाग्रेस नेता पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक' ने कहा कि किसानों की समस्याओं को तत्काल दूर किया जाए जिससे उन्हें धान की रोपाई करने में कोई परेशानी ना हो, सरकारी सोसाइटियों पर खाद उपलब्ध व नहरों में पानी टेल तक पहुंचाया जाए जिससे किसान धान की रोपाई कर सकें वहीं उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर की सेमरी मौहरिया में 3 मीटर चौड़ी सीसी रोड का निर्माण किया गया उसके दोनों तरफ जल भराव है रोड के दोनों तरफ पक्की नाली का निर्माण सुनिश्चित किया जाए जिससे जल भराव की समस्या दूर हो सके, जल्द ही समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो हम कंाग्रेस जन व्यापक आंदोलन करेंगे। 'पूर्व उपाध्यक्ष सिराज अहमद व मिर्ज़ा अकरम बेग' ने कहा कि धान की रोपाई का अति महत्वपूर्ण समय है ऐसे में किसानों की समस्याओं को जल्द दूर किया जाए। पूर्व प्रवक्ता अमोल बाजपेई व कंाग्रेस नेता योगेश पांडे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है यहां किसानों को समय पर पानी व खाद बीज नहीं मिल पा रहा है। इस अवसर पर महेन्द्र प्रताप सिंह, हरख नरायन मिश्रा, प्रेम भारती, राजेश तिवारी महिला प्रदेश महासचिव कंचन सिंह योगेश प्रताप सिंह, पवन मिश्रा नन्हे राजेश ओझा, राजेश श्रीवास्तव, नफीस फारूकी, हाजी फिरोज, शरद श्रीवास्तव, मोहसिन सलीम आदि लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

## विद्यालय हुआ विलय डीएम से मिले प्रधान सहित ग्रामीण

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत हरिपुर फ़ुलहर में स्थित प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर का विलय कम्पोजिट विद्यायल नवदिया टोडरपुर में किया गया हैं।चूंकि यह प्राथमिक विद्यालय दो किलोमीटर है।इसलिए छोटे क्यों के लिए बहुत दूर है। ग्रामवासी मजदूर हैं। इसलिए प्रतिदिन बच्चों को नवदिपा टोडरपुर लाना ले जाना संभव नहीं है। ग्राम प्रधान आनंद गिरि ने जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह से मिलकर इस आदेश को निरस्त करवाने की मांग की है। क्योंकि इस आदेश से ग्राम वासी खुश नहीं है। इसी विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक बादशाह वर्मा को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ था। डीएम से मिलने वालों में मुख्य रूप से आदित्य गिरि ,मुनेन्द्र गिरी, जगेश्वर गिरी, महेन्द्रपाल, अनिल गिरी, महिषात, राजू गिरि, हिमांशु,मेवाराम, राजविंदर सिंहं, राधा देवी, ममता, केतकी, कमला, विनोद सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे हैं।

# आईलेट्स सेन्टर संचालक ने महिला के घर में घुस कर की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पीड़ित महिला के दोनों बच्चे स्वामी एजुकेशन स्कूल के हैं छात्र दबंगो के डर से स्कूल जाना किया बंद

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में स्थित साईं कॉलोनी निवासी पिंदरजीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि दिनांक 5 जुलाई को समय करीब 5:30 बजे पीड़िता का पुत्र एकमजीत सिंह कॉलोनी के बच्चों के साथ खेल रहा था।खेल खेल में एक बच्चे के चोट लग गई।जिस पीड़िता के पुत्र ने जिस बच्चे के चोट लगी थी उसके माता-पिता से माफी मांग ली लेकिन उसके कुछ देर बाद बलजीत सिंह टोरेंटो आइलेट सेंटर संचालक अपने साथी गोपी सहित पत्नी को लेकर पीड़िता के घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो पीड़िता व उसके पुत्र के साथ मारपीट की मारपीट के दौरान पीड़िता को लोहे के कड़े जो उक्त लोगों ने पहने हुए थे। उससे चोट भी लग गई है। पीड़ित महिला के साथ भी काफी मारपीट की है।शोर शराबा होने पर उक्त लोग चले गए।लेकिन जाते जाते धमकी दे गए अगर कहीं शिकायत की तो गोली मारकर जान ले लेगे। पीड़िता ने उसी समय डायल 112 नंबर कर शिकायत की उसके बाद कोतवाली पहुंच कर महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत की उपरोक्त लोग काफी झगड़ालू किस्म के व्यक्ति हैं। पीड़िता के दोनों बच्चे स्वामी एजुकेशन स्कूल के छात्र हैं। जो कि उपरोक्त लोगों की दहशत के मारे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। क्योंकि उपरोक्त लोगों ने दोनों बच्चों को जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़िता ने पूरनपुर पुलिस से उपरोक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# वृक्ष बारात जनजागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## वृक्ष बारात के माध्यम से छात्रों ने दिया हरियाली का संदेश



सुलतानपुर। वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज सुलतानपुर से'ल्लवृक्ष बारातल्ल' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने हाथों में पौधे, पोस्टर और बैनर लेकर नगर क्षेत्र में भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी अमित सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में छात्रों का यह उत्साही समूह 'ल्लपेड़ लगाओ, जीवन बचाओल्ल, ल्लहरियाली है जीवन की डोरल्ल, ल्लएक वृक्षदूसौ सुखल्ल' जैसे नारों के साथ शहर की सड़कों पर निकला। हाथों में सजे हुए पीले कपड़ों में बंधे पौधे और पर्यावरण चेतना से भरे चेहरों ने सभी राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। वृक्ष बारात का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और पौधारोपण को एक जन आंदोलन का रूप देना रहा। छात्रों ने सार्वजनिक स्थानों, दुकानों और आम नागरिकों को वृक्षारोपण के लाभ समझाते हुए प्रेरित किया कि वे भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लियाः ल्लहम सब एक-एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे और अपने परिवार, मित्रों व पड़ोसियों को भी पौधारोपण हेतु प्रेरित करेंगे, ताकि धरती को हरा-भरा और जीवन योग्य बनाए रखा जा सके।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण के साथ हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। यह वृक्ष बारात केवल एक जागरूकता रैली नहीं थी, बल्कि एक हरित क्रांति की शुरुआत थी। एक संदेश कि हम सब मिलकर अपनी धरती को बचा सकते हैं।

# किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री प्रतिनिधि ने जिला कृषि अधिकारी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।राज्यमंत्री संजय गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने उप निदेशक कृषि राम मिलन परिहार और जिला कृषि अधिकारी नरेंद्रपाल सिंह से भेंट कर जिले में खाद की उपलब्धता पूरी मात्र में रखने और किसानों को कोई भी असुविधा ना होने देने हेतु वार्ता की, उपनिदेशक कृषि ने जिले में विभाग द्वारा संचालित जिले में विभाग द्वारा कृषकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी और इस संबंध में प्रकाशित पुस्तिका भेंट की, जिला कृषि अधिकारी ने जिले में खाद की आपूर्ति नियमित और सुचारू रखने से संबंधित उनके विभाग द्वारा उठाए गए कदमों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी और इस जानकारी के विवरण को संजोए हुए एक पत्र को दिया। दोनों अधिकारियों से जिले के किसानों के हित में शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी ग्राम पंचायतों का सहयोग लेकर घर घर तक पहुंचाने और सबको इनका लाभ दिलवाने हेतु कहा साथ ही जिले में किसी भी स्थिति में किसानों को खाद की किल्लत ना हो ये सुनिश्चत करने और कालाबाजारी करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही हेतु वार्ता हुई जिससे सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे लोगों को सफलता ना मिले और किसानों को कोई परेशानी ना हो। साथ ही आगामी फसल की सीजन से पूर्व ही जिले में आवश्यक उर्वरकों की मात्रा का ठीक पूर्वानुमान लगाकर इसी पूरी जानकारी विधिवत शासन तक पहुंचाने हेतु जिला प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया जिससे समय से पूर्व ही आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता शासन स्तर से सुनिश्चित कराई जा सके। दोनों अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए शासन की मंशा अनुसार किसानों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की।

# बेखौफ चोरों ने इन्हौना से दिनदहाड़े मोटर साइकिल किया पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को बेखौफ चोरों द्वारा दिनदहाड़े पार कर दिया गया है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बावजूद वाहन चोरी का अभियोग दर्जकर बाइक की छानबीन में जुट गई है लेकिन पुलिस को कामयाबी हासिल नही हो सकी है। पुलिस की लचर कार्यशैली से स्थानीय व्यापारियों के साथ ही आम जनमानस में भय का माहौल व्याप्त है।थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सातन पुरवा के गांव मुरादगंज निवासी विजय कुमार पुत्र संतलाल ने थाना इन्हौना पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह कस्बा इन्हौना अपने भाई की मोटर साइकिल स्पलेण्डर यूपी 36 वी 8553 से मजदूरी करने आया था। मोटर साइकिल रोड के किनारे पटरी पर खड़ी कर दिया था। वापस आया तो देखा मोटर साइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित वाहन स्वामी द्वारा मोटर साइकिल की काफी खोजबीन की गई लेकिन पता नही चल सका और बताया कि उसकी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने पहले से वाहन स्वामी को टरकाने का प्रयास किया लेकिन दबाव बढ़ता देख पुलिस को आखिरकार मुकदमा दर्ज करना पड़ा।पुलिस ने बाइक चोरी का अभियोग दर्ज तो कर लिया है लेकिन उसका सुराग लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। स्थानीय दुकानदारों की मानें तो बेखौफ चोरों को पुलिस का जरा सा भी खौफ नही है तभी तो दिनदहाड़े बाइक चोरी हो रही है और पुलिस सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटती नजर आ रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्जकर लिया गया है और छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।

## अदृश्य दीवारें

ग्रामीण समाज में अक्सर ऐसी घटनाएं देखने को मिलती हैं, जिसमें बचपन से लेकर जवानी तक साथ-साथ पले-बढ़े भाइयों तक के बीच में किसी बहुत मामूली-सी बात को लेकर अनबन हो जाती है । छोटी-सी बात कब बड़ी बन जाती है, पता ही नहीं चलता। ऐसे में दोनों के बीच जिस तरह बातचीत बंद हो जाती है, वह वक्त कब दिन, महीनों से साल दर साल में बदलता चला जाता है, समझ ही नहीं आता । स्वाभाविक है ऐसे में दोनों परिवारों के बीच में भी बातचीत बंद हो जाती है और आपस में कोई सामाजिक सहभागिता भी नहीं हो पाती । हालांकि, दोनों दूसरे-तीसरे व्यक्ति के माध्यम और तरीके से एक-दूसरे की खबर लेते रहते हैं । एक भाई का परिवार दूसरे भाई के परिवार के दुख के बारे में सुनकर दुखी होता है और सुख के बारे में सुन कर खुश होता है। बावजूद इसके दोनों परिवार के बीच घुलना-मिलना तो दूर बातचीत तक बंद रहती है । ऐसा नहीं है कि दोनों समझौता नहीं चाहते होंगे, लेकिन दिक्कत यह रहती है कि पहले बातचीत शुरू कौन करे। छोटी- सी बात से शुरू हुई यह कहानी अहम का मामला बन जाता है और प्रेम पर भारी पड़ जाता है । दो दोस्तों, दो रिश्तेदारों, परिजनों के बीच अक्सर इस तरह का मामला देखने को मिलता है । शिकायत रहती है कि उसने मुझे पहले फोन नहीं किया । वह मुझे फोन नहीं करता फिर मैं क्यों करूं? छोटी-छोटी शिकवे-शिकायतों का यह सिलसिला लगातार चलता रहता है। फोन हाथ में है और दोस्त को बस लगाना ही तो है । फिर हम अपने आपको बटन दबाने से रोक क्यों लेते हैं? ऐसा नहीं है कि यह मनोभाव एक ही व्यक्ति के मन में उमड़ती -घुमड़ती रहती होगी। सभी इंसान ही हैं। ये ऐसी भावनाएं हैं जो सबके अंदर में आती- जाती हैं। बस उसका बरसना बाकी रह जाता है। ऐसी घटनाएं नकारात्मक तरीके से व्यक्ति के मन में परत-दर-परत जमती जाती हैं और आखिर में ये किसी पहाड़ से भी बड़े स्वरूप का आकार ले लेती हैं। ये कहीं दिखती नहीं है, लेकिन मन में जरूर खड़ी रहती है और कई बार खुन्नस, रंजिश, प्रतिशोध सहित तमाम बुराइयों को जन्म देती है । कई बार मन के भीतर प्रेम रहते हुए भी लोग इसलिए सख्त व्यवहार करते हैं कि उनका अहंकार उनके वास्तविक भाव पर हावी होता है। वे अपने भीतर बसे या छिपे प्रेम का, भावना का प्रकटीकरण नहीं कर पाते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा क्यों होता है ? लोग मन में बसे अहं के अदृश्य दीवार को गिरा क्यों नहीं पाते हैं ? अपनी भावना को मन के भीतर कैद करने से घुटन तो जरूर होती होगी । फिर लोग इससे निजात क्यों नहीं पाना चाहते हैं ? लोग खुद से क्यों लड़ते रहते हैं ? शायद ऐसे लोग यह सोचते होंगे कि बात होगी तो यह कहूंगा, यह शिकायत भी कर दूंगा और प्रेम की बातें भी प्रकट कर दूंगा, लेकिन जब आमने-सामने आ हैं तो वे तमाम बातें जुबान तक नहीं आ पाती हैं। मन के भीतर ही दबी रह जाती हैं। भावना को सही तरीके से और सही समय पर प्रकट नहीं किए जाने के कारण आज के दौर में अवसाद के कई मामले सामने आ रहे हैं। अस्पतालों के अवसाद विभाग में बढ़ती मरीजों की संख्या इस बात की गवाही देती नजर आती है । कई बार ऐसे लोग मिलते हैं, जो बताते हैं कि मेरे किसी परिजन या रिश्तेदार का निधन हो गया... उनसे 'बहुत स्नेह था ... उनसे मैं बहुत कुछ कहना चाहता था... बचपन में उनके कंधे चढ़ कर खेलता था... उनके साथ उनकी थाली में बैठ कर खाना खा लेता था। लेकिन किसी दिन 'हम बड़ा तो हम बड़ा जैसी एक छोटी-सी बात को लेकर हम लोगों में तकरार बढ़ती गई और हम लोग दूर होते गए। अब मैं भी अधेड़ हो गया हूं और उनका तो निधन ही हो गया। काश वे मुझे एक बार मिलते तो दिल की सारी बातों को खोलकर उनके सामने रख देता, लेकिन अब यह संभव नहीं है। जब तक थे, तब तक कहा नहीं, अब कहना चाहता हूं तो वे हैं नहीं। विडंबना यह है कि ऐसे लोग खुद पहल करके समय को थाम नहीं लेते और बाद में बस अफसोस करते रह जाते हैं । भावना को मन में दबाने के बजाय हम उसे समय पर और सही तरीके से बिना अहंकार के किसी के सामने प्रकट करें, क्या यह संभव नहीं है ? अगर ऐसा है तो हमें करना चाहिए, क्योंकि यह अच्छा है।

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेररिज्म्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके।**

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था- अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेररिज्म्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राज़ील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज़ है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया। भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, 'बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है। भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक वैश्विक संतुलन स्थापित हो रहा है और अमेरिका एवं पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। 'वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं। ब्रिक्स का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुधुरवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है। ब्रिक्स संगठन में भारत का वर्चस्व चीन की तुलना में बढ़ा है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कूटनीति का परिणाम है। **-ललित गर्ग**

# पाक की अध्यक्षता का मतलब

**प्रेम शर्मा**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फ एक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बड़ियां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा। बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। अब नए नवेले सदस्य बने पाकिस्तान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक अध्यक्ष पद की भूमिका निभानी है और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद उसके पास कई पॉवर्स होंगे। जैसे पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की सभी औपचारिक और अनौपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करेगा। परिषद के एजेंडे को तय करने और प्राथमिकताओं को तय करने में खास भूमिका निभाएगा। अध्यक्ष परिषद की ओर से प्रेस स्टेटमेंट और सार्वजनिक घोषणाएं जारी करेगा और परिषद के सदस्यों के बीच संवाद और समन्वय तय करेगा, जिससे परिषद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। इसके साथ ही अगर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को तत्काल खतरा हो, तो अध्यक्ष देश आपातकालीन बैठक बुला सकता है। इसके साथ ही अध्यक्ष देश को परिषद की बैठकों की कार्यवाही को कंट्रोल करने, वक्ताओं को बुलाने और चर्चा को दिशा देने की शक्ति होती है। हालांकि संभावना तो नहीं है, लेकिन इस एक महीने की अध्यक्षता के दौरान पाकिस्तान कुछ खुराफात कर सकता है। भारत में इस बात को लेकर चिंता है, जो सही भी है कि पाकिस्तान इस मौके का फायदा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए न कर ले और वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में भारत की स्थिति को कोई नुकसान न हो। ध्यान रहे कि ईरान, तुर्की और इस्लामिक देशों के संगठन-ओआईसी जैसे मध्यपूर्व के देशों के साथ भारत के रिश्ते कोई खास अच्छे नहीं हैं और आने वाले दिनों में इनमें कुछ और तनाव जैसी स्थितियां बन सकती हैं। वैसे भी जिसपर आतंकियों को पालने-पोसने और अलग-अलग देशों में अस्थिरता फैलाने की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगते हैं, बावजूद इसके वह इतना जिम्मेदार पद कैसे पा गया ? पहलगाम में हमला हुआ।

## सेहत मंत्र

# रोजाना पिएं पालक का जूस, शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

पालक को सबसे पौष्टिक सब्जियों में गिना जाता है। पालक की पत्तियों में ढेर सारे मिनरल्स, विटामिन्स और कई प्रकार के न्यूट्रीएंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते है। पालक को सब्जी के रूप में खाने से ज्यादा इसका जूस पीना फायदेमंद होता है। पालक के जूस में विटामिन ए, सी, ई, के और बी कॉम्प्लेक्स अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मैगनीज, कैरोटीन, आयरन, आयोडीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, थायमिन, फॉलेट, फॉस्फोरस और आवश्यक अमीनो एसिड्स भी पाए जाते हैं। ये सभी तत्व न सिर्फ आपको स्वस्थ रखते हैं, बल्कि शरीर को कई बड़ी बीमारियों से भी बचाते हैं। पालक में मौजूद कैरोटीन और क्लोरोफिल कैंसर से बचाव में सहायक हैं। रिसर्च बताती हैं कि हरे पत्तेदार पालक ब्रेस्ट कैंसर को रोकने में मददगार है। पालक को आंखों की रोशनी के लिए भी अच्छा माना जाता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने के लिए भी पालक का जूस पीने की सलाह दी जाती है। पालक में पोटैशियम भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। पालक का जूस शरीर के जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसके अलावा अगर आपको कब्ज की समस्या है तो भी ये आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। पालक में विटामिन के और कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है। ऐसे में पालक का जूस पीने से आपकी हड्डियां काफी मजबूत होती हैं। ये शरीर के जोड़ों में होने वाली बीमारी जैसे आर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस की भी संभावना को घटाता है। अगर आपको त्वचा से जुड़ी कोई समस्या है तो पालक का जूस पीना आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। पालक के जूस में विटामिन ए और सी पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता है, जिसके कारण आपकी त्वचा लंबी उम्र तक जवान बनी रहती है और बुढ़ापे के लक्षण जल्दी नजर नहीं आते हैं। विटामिन ए बालों और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

## धर्म मंत्र

# कालाष्टमी की प्रामाणिक और पौराणिक कथा

हिन्दू पौराणिक कथा के अनुसार हिन्दू कैलेंडर में हर माह आने वाली कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि मासिक कालाष्टमी पर्व के रूप में मनाई जाती है। यह अष्टमी भगवान भैरव को समर्पित है तथा इसे काला अष्टमी भी कहा जाता है। यह तिथि भगवान भैरव से असीम शक्ति प्राप्त करने का समय मानी जाती है अतः इस दिन पूजा और व्रत करने का विशेष महत्व है। कालाष्टमी की एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार की बात है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन तीनों में श्रेष्ठता की लड़ाई चली। इस बात पर बहस बढ़ गई, तो सभी देवताओं को बुलाकर बैठक की गई। सबसे यही पूछा गया कि श्रेष्ठ कौन है? सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उत्तर खोजा लेकिन उस बात का समर्थन शिवजी और विष्णु ने तो किया, परंतु ब्रह्माजी ने शिवजी को अपशब्द कह दिए। इस बात पर शिवजी को क्रोध आ गया और शिवजी ने अपना अपमान समझा। शिवजी ने उस क्रोध में अपने रूप से भैरव को जन्म दिया। इस भैरव अवतार का वाहन काला कुत्ता है। इनके एक हाथ में छड़ी है। इस अवतार को 'महाकालेश्वर' के नाम से भी जाना जाता है इसलिए ही इन्हें दंडाधिपति कहा गया है। शिवजी के इस रूप को देखकर सभी देवता घबरा गए। भैरव ने क्रोध में ब्रह्माजी के 5 मुखों में से 1 मुख को काट दिया, तब से ब्रह्माजी के पास 4 मुख ही हैं। इस प्रकार ब्रह्माजी के सिर को काटने के कारण भैरवजी पर ब्रह्महत्या का पाप आ गया।

पर्यटन



# मानसून में उत्तराखण्ड की खूबसूरती का होता है नया रंग, फोटोग्राफी के लिए हैं बेस्ट

भारत में कुछ एक जगहें ऐसी हैं जो मानसून में घूमने-फिरने के लिए हैं बेस्ट। हरे-हरे घास के मैदान पर रंग-बिरंगे फूलों की बिछी चादर देखकर ऐसा लगता है जैसे आप किसी फिल्म के शूटिंग लोकेशन पर घूम रहे हैं। घूमने के अलावा ये जगहें फोटोग्राफी के लिहाज से भी हैं बेहतरीन। मानसून प्रकृति में कितने परिवर्तन ला सकता है इसका साक्षात अनुभव यहीं हो सकता है। बरसात के दौरान यहां चार सौ से ज्यादा प्रकार के फूल खिलते हैं। फूलों की घाटी धरती की सुंदरतम जगहों में से एक है। बारिश के मौसम में जब लगभग सभी रंगों के फूल खिलते हैं, तो यहां घूमने का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। फूलों से प्रेम करने वालों के लिए यह स्थान स्वर्ग है। दोनों ओर से पहाड़ों से घिरी घाटी हो, पहाड़ों पर फैली गहरी हरियाली हो और उस हरियाली से निकलते रंग-बिरंगे फूल हों। कहीं दूर से उठती धुंध और उसके ऊपर काले सफ़ेद बादल का साम्राज्य हो फिर पास ही कहीं ऊपर से बहकर आते पानी की कल-कल का मधुर संगीत हो तो मन क्यों न रुक जाए। इन सबके बीच वहां विचरने का आनंद कौन न उठाना चाहेगा। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित यह घाटी एक राष्ट्रीय उद्यान और यूनेस्को द्वारा संरक्षित स्थलों में से एक है। बरसात में ट्रेकिंग पसंद करने वाले लोगों के लिए यह एक आदर्श स्थान है। यही कारण है कि देश-विदेश से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। बर्फ, पहाड़, बादल, झरने, हरियाली और विभिन्न प्रकार के पुष्पों का अद्भुत संयोग यहां के अलावा कहीं नजर नहीं आता। वैसे तो नॉर्थ ईस्ट की हर एक जगह बहुत ही खूबसूरत है लेकिन सिक्किम के यमथांग वैली जैसा अनोखा नजारा शायद ही यहां कहीं और देखने को मिले। समुद्र तल से 11,693 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस वैली आकर आप तरह-तरह के रंग-बिरंगे और खूबसूरत फूल देख सकते हैं। रोडोडेंड्रन फूलों की कम से कम 24 वैराइटी यहां देखने को मिलती है। यहां आकर आपको बिल्कुल ऐसा लगेगा जैसे आप फिल्म के किसी रोमांटिक लोकेशन पर घूम रहे हैं।

हर-हर महादेव की गूंज से पहले प्रशासनिक संकल्प

# महादेवा धाम में श्रावणी मेले की तैयारियों को मिली रफ्तार

## महादेवा धाम में तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं

अनिल शुक्ला ''गुलशन ''





रामनगर बाराबंकी : जनपद के सुप्रसिद्ध महादेवा धाम में हर वर्ष सावन माह में लगने वाला श्रावणी मेला धार्मिक आस्था और जनसमूह का अद्भुत संगम होता है। इस बार भी मेला 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है, जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। सोमवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने महादेवा धाम का दौरा किया और मेले से पूर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, अभरण सरोवर, बैरिकेडिंग, सोलर लाइट, बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति सहित सभी प्रमुख बिंदुओं पर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से पहले सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष चिंता जताई और निर्देश दिए कि पूरे मेला परिसर में नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण, शौचालय व्यवस्था आदि पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष त्रिपाठी, नगर पंचायत रामनगर के अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार, बाढ़ खंड अधिकारी शशिकांत सिंह, अभियंता अजीत पटेल, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी विवेकशील यादव, बीडीओ जितेंद्र कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रणव श्रीवास्तव, राजश्री त्रिपाठी सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। महादेवा धाम का सावन मेला न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से बल्कि आस्थावान जनता की भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ आयोजन है। लाखों की संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में प्रशासन की यह मुहिम मेले को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यह मेला हम सभी की सांझी जिम्मेदारी है। यदि सभी विभाग मिलकर ईमानदारी से कार्य करें तो इस बार का श्रावणी मेला अब तक का सबसे बेहतर और अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है।

> श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> **शशांक त्रिपाठी**
> **जिलाधिकारी बाराबंकी**

### बड़ेल में होटल के समीप मिला किशोरी का शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कोतवाली के बड़ेल चौकी क्षेत्र में फहताबाद स्थित ओयो होटल विकासइन के पीछे एक अज्ञात किशोरी का शव बरामद हुआ। मृतका की उम्र करीब 25वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की सूचना पर बड़ेल चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की है। प्रथम दृष्टया शव की स्थिति और पहनावे से मृतका भिखारी बताई जा रही है। लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान की प्रक्रिया जारी है।

### नगदी मेंथा ले उड़े बदमाश

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के दिकोलिया मजरे सिंगतरा गांव निवासी दुर्गेश कुमार के घर में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोला। नकबजनी में 25 किग्रा मेंथाऑयल, 60 किलो फूल के बर्तन ,15 हजार नगदी व अन्य समान कर उडा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने डायल हंड्रेड पर सूचना दी। पुलिस के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है,जांच की जा रही है।

### 25 गांव की बिजली गुल, उपभोक्ता हलकान

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत विभाग के अधिकारियों एव कर्मचारियों की लापरवाही के चलते करीब 20 हजार की आबादी वाले कस्बा सहाबपुर सहित 25 गांवो की बिजली करीब 27 घंटे से अधिक समय तक गुल रहने के कारण उपभोक्ता भीषण गर्मी से जहां बिलबिला गये वही लोग पानी एव मोबाइल चार्ज करने के लिए तरस गये। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब बारह बजे पल्हरी फीडर पर लगे मेन 11 केवी केबल बाक्स ब्लास्ट हो जाने के कारण करीब 20 हजार की आबादी वाले कस्बा सहाबपुर सहित 25 गांवो की बिजली गुल हो गयी रविवार को अचानक बिजली गायब होने से लोगो को यह आभास था कि मोहर्रम के जुलूस के लिए बिजली काटी गई परन्तु जब देर रात तक बिजली नहीं आयी तो बिजली से बिलबिला रहे उपभोक्ता आक्रोशित हो गये और विभाग के अधिकारियो एव कर्मचारियों से जब सम्पर्क साधा गया तो पता चला कि केबल बक्स मे यांत्रिक खराबी के कारण दिक्क़्त आयी है बहरहाल सोमवार को 3 बजे आयी लाइट क्र बाद लोगो ने राहत की सांस ली। 33/11 विद्युत उपकेंद्र पलहरी के अवर अभियंता विशांत वर्मा ने बताया कि 11 केवी केबल बाक्स ब्लास्ट हो जाने के कारण सप्लाई बाधित हुई थी जिसे सही करने मे समय लग गया है 3 बजे कार्य पूर्ण होने पर सफलाई चालू की गयी है।

# ''धर्म, संकल्प और सेवा की राह से लौटे श्रद्धालु, हुआ आत्मीय अभिनंदन''

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी । धार्मिक आस्था और विश्वास की मिसाल पेश करते हुए नौ दिवसीय साइकिल यात्रा पर निकले श्रद्धालु जब बागेश्वर धाम की पावन यात्रा पूर्ण कर वापस लौटे, तो क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल बन गया। जैसे ही यात्रा पूर्ण कर आशीष तिवारी, नितिन तिवारी और सत्यम सिंह दतौली चौराहा पहुंचे, उनका भव्य स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर अधिवक्ता सोमिल शुक्ला ने श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में भक्ति और समर्पण का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इस आयोजन में क्षेत्र के कई सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें कपिल तिवारी, संजय तिवारी, सत्यम तिवारी, पवन तिवारी, मोहित मिश्रा, प्रदीप तिवारी, श्याम जी मिश्रा, नन्हे यादव, सत्यनाम मौर्य, सौरभ शुक्ला, रीशु तिवारी, विष्णु मिश्रा, राज यादव सहित तमाम श्रद्धालु व शुभचिंतक मौजूद रहे। पूरे स्वागत समारोह के दौरान धार्मिक गीतों की मधुर ध्वनि, जयकारों की गूंज और भक्तों की भावनाओं ने माहौल को पूर्णतया आध्यात्मिक बना दिया। बागेश्वर धाम की यह यात्रा न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव रही, बल्कि क्षेत्र में आस्था और एकजुटता का संदेश भी प्रसारित कर गई।

# मार्फीन माफिया पर एएनटीएफ का प्रहार: 4 करोड़ की खेप के साथ एक गिरफ़्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। संवाददाता उत्तर प्रदेश में नशे के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक बार फिर अपनी सख्त कार्यवाही से तस्करों की कमर तोड़ दी है। शनिवार को एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम ने बिहार से बाराबंकी होते हुए मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक अंतरराज्यीय तस्कर को धर दबोचा। एएनटीएफ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह जाल बिछाया गया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें छुपाकर लाई जा रही 2 किलो 60 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की गई। बरामद मार्फीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ जारी है और प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि वह एक सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ा हुआ है, जो लंबे समय से बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में मार्फीन और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। पकड़ा गया आरोपी बिहार के एक सीमावर्ती जिले का निवासी बताया जा रहा है। तस्कर द्वारा उपयोग की गई बोलेरो गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है, जिसकी पंजीकरण और स्वामित्व की जांच की जा रही है। एएनटीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई तस्करों के एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करती है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में अन्य राज्यों की एजेंसियों से भी संपर्क साधा जा रहा है। ड्रग ट्रैफिकिंग की इस श्रृंखला को जड़ से खत्म करने के लिए अब पूरे नेटवर्क की तह में जाकर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। एएनटीएफ की इस कार्रवाई से न केवल जिले में हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि स्थानीय पुलिस की सतर्कता और कार्रवाई की भी चारों ओर सराहना हो रही है। जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियानों में यह एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

> **नशे के सौदागर सलाखों के पीछे: बिहार से बाराबंकी लाया जा रहा था ज़हर**

# सरयू की लहरें बेकाबू, मगर प्रशासन मुस्तैद, एसडीएम ने थामा मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। बरसात के मौसम में बाढ़ की आशंकाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसी कड़ी में सोमवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रीति सिंह ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों कोठारी गौरिया और सूबेदारपुरवा का दौरा कर वहां की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर और तटीय इलाकों में हो रही हल्की कटान की समीक्षा की। एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि सरयू नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया है, लेकिन फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है और नदी अपने निर्धारित मार्ग में बह रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी इंतजाम मुकम्मल किए जा चुके हैं। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता एस.के. सिंह ने जानकारी दी कि जिन स्थानों पर कटान की संभावना है, वहां अनुरक्षण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं ताकि बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके। इसी क्रम में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सनावा में बाढ़ राहत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने की। इस चौपाल में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. गया प्रसाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं, और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव, स्वास्थ्य, स्वच्छता, और पशुधन की देखभाल से संबंधित जरूरी जानकारियां प्रदान कीं। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने बताया कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में पहले से चिह्नित ऊंचे स्थानों पर सुरक्षित रूप से लोगों को पहुंचाने की रणनीति तैयार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को प्रशासन की प्राथमिकता में रखा गया है।निरीक्षण के बाद नायब तहसीलदार ने सनावा तेलवारी गांव का भी दौरा कर मौके की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं।प्रशासनिक अमला इस समय पूरी मुस्तैदी के साथ हरकत में है। एसडीएम प्रीति सिंह, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही निगरानी और राहत कार्य यह दर्शाता है कि सरकार और प्रशासन आमजन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।ग्रामीणों ने भी प्रशासन की तत्परता की सराहना की और भरोसा जताया कि इस बार बाढ़ की संभावित विभीषिका को मिलकर सफलतापूर्वक टाला जा सकेग ''प्राकृतिक आपदा से निपटने में प्रशासन की सजगता और तत्परता ही सबसे बड़ा हथियार है।

> **सनावा में 'चौपाल' और नदी से मुकाबला, अफसरों की टीम ऑन ड्यूटी**
>
> **बाढ़ से पहले ही मैदान में अफसर, प्रीति सिंह की टीम अलर्ट मोड में!**

### फांसी फंदे पर झूला किसान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के मीरापुर गांव में एक किसान का शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान रामसुरेश उर्फ बुधराम के रूप में हुई है।मृतक के छोटे पुत्र वेदांत ने बताया कि पिता ने हम लोगों को विश्वास में ना लेकर जमीन बेच दिया था।जब परिवार ने जमीन के बारे में पूछा तो पिता घर से चले गए। वापस आने के बाद वह ट्यूबवेल पर सोने लगे थे। मृतक के तीन पुत्र हैं, जिनमें से बड़ा पुत्र बाहर मजदूरी करता है और दो पुत्र घर पर रहते हैं।कोतवाल संतोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### विद्यालय में पूर्व विधायक ने किया वृक्षारोपण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।श्री सुंदरलाल इंटर कॉलेज औरेला में सोमवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने पौधरोपण किया।कार्यक्रम में नीम, इमली, वटवृक्ष, चितवन, और महुआ के पौधे लगाए गए। वन विभाग की रेंजर अल्पना पांडेय ने पौधों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर डिप्टी रेंजर मोहित श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रबंधक राकेश दीक्षित, प्रधान दयाशंकर शुक्ला, सन्तोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बलवंत प्रजापति सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संबंधित लघु नाटक माध्यम से लोगों को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया। और पौध की महत्व के बारे में बताया।पूर्व विधायक ने सभी से अपील किया कि वे भी मां के नाम पर एक-एक पौध अवश्य लगाएं। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आयोजित किया गया।

# कर की टक्कर से बाइक सवार दंपति मरणासन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बेलहरा बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भटुवामऊ के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया जहां से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छेदा गांव निवासी सुमन सिंह (26) अपनी पत्नी शिल्पी देवी (25), भतीजे अभिजीत (12) और मोनी (17) के साथ बाइक पर सवार होकर चंदूरा गांव से अपने घर लौट रहे थे। तभी भटुवामऊ के समीप पहुंचते ही सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी लोग उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सभी घायलों को को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने शिल्पी देवी और अभिजीत को गंभीर चोटें होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य घायलों का फतेहपुर सीएचसी में इलाज जारी है।पुलिस दुर्घटना करने वाली कार की लताश कर रही है।

# टंकी बनी लेकिन टिक न पाई, दीवार बोली, मैं रिश्वत में घुल गई थी

> **हर घर जल नहीं... हर खेत मलवा पहुंचा**
>
> **दीवारें बोल पड़ीं: ''हमें कमीशन ने गिराया ?**





सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। कमीशन कितना लिया गया... दीवारें बता रही हैं!'' यह अब कोई मुहावरा नहीं, बल्कि ग्राम किशुनदासपुर की पानी टंकी की बाउंड्री वाल की चीखती सच्चाई है, जो बिना बारिश, बिना भूकंप और बिना तूफान के खुद को ज़मीन पर समर्पित कर बैठी। लगता है दीवार को देशभक्ति की ऐसी लहर छू गई कि खुद को शहीद करने से रोक न सकी।

बुजुर्ग किसान रामनाथ यादव ने मलवे के ढेर की ओर इशारा करते हुए कहा, ''दीवार गिरी नहीं, गिराई गई है साहब! और वो भी ऐसी मोहब्बत से जैसे ठेकेदार और इंजीनियर की जेब में भरती ईंटें हो गई हों।

बाउंड्री गिरने से खेतों में पड़ा मलवा किसानों की धान की फसल को ही नहीं, उनकी उम्मीदों को भी कुचल गया। पौधे ऐसे दबे जैसे विकास योजनाओं में पारदर्शिता की बातें। किसानों की आंखों में गुस्सा है, और ज़ुबान पर सवाल ऽ ''किसका विकास हो रहा है साहब? हमारा तो खेत भी चला गया, और पानी भी!''

हर घर जल योजना के तहत बनी टंकी को इतनी दूर रखा गया कि मोहम्मदपुर बाहूं गांव के लोग पानी पीने नहीं, पानी की तलाश में भटकते हैं। लगता है योजना यह थी ऽ ''घर-घर जल नहीं, घर-घर चल''।

### विकास की गति, एक साल में ढह गई बाउंड्री

साल भी नहीं गुज़रा और बाउंड्री लुढ़क गई जैसे सरकारी फाइलों में सच। दीवार इतनी कमज़ोर थी कि अगर किसी बच्चे ने उधर पक्के इरादे से छींक भी दिया होता तो शायद वो बिना मौसम खुदकुशी कर लेती।
राजनीति की चाशनी में न्याय की मांग भाजपा के वरिष्ठ नेता अवध किशोर त्रिपाठी ने मांग की है कि मलवे से दबे किसानों की फसलों का मुआवजा दिया जाए और दोषी अभियंता तथा ठेकेदार पर मुकदमा चले।
सुनकर ऐसा लगा मानो कोई फ़िल्म का ट्रेलर चल रहा हो – ''जल योजना से जलन, और दीवारों की बगावत!'' अगर दीवारें बोल सकतीं तो चीख-चीख कर बतातीं ऽ ''हम गिराई गईं हैं, खुद नहीं गिरीं। हमें सीमेंट से नहीं, कमीशन से जोड़ा गया था।'' अब देखना है कि अगली बार कौन-सी दीवार गिरेगी – टंकी की, व्यवस्था की, या जनता के सब्र की?

### मनरेगा योजना बनी मजाक, फर्जी हाजिरी का सिलसिला जारी

सीतापुर। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा, जो ग्रामीणों को रोजगार देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राठौरपुर में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो में मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसमे महिलाओ के नाम पर भी हाजरी लगाई गई लेकिन पोर्टल पर अपलोड फोटो में महिलाएं कही दिखाई नही दे रही है। ग्रामीणों का कहना है की प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। वहीं, संबंधित ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब मजदूरों का हक सुरक्षित रह सके। अब जरूरत है कि उच्चाधिकारी इस पर संज्ञान लें और इस सरकारी योजना को मजाक बनने से रोकें। अब देखना यह होगा कि क्या कोई कार्यवाही होती है या फर्जी हाजरी का खेल यूही चलता रहेगा।

# शताब्दी वर्ष में एक लाख 'हिंदू सम्मेलन' आयोजित करेगा संघ : सुनील आंबेकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष में समाज के हर वर्ग से सम्पर्क करने के लिए विशेष अभियान चलाएगा और सामाजिक बुराइयों को दूर करने और धर्म-जागरण के लिए देश में एक लाख से अधिक जगह ' हिंदू सम्मेलन' आयोजित करेगा।

इस अभियान के तहत संध के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क-संवाद करेंगे। आरएसएस के प्रांत प्रचारकों के तीन दिवसीय सम्मेलन के संगठन के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को यहां केशव कुंज में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष में हिंदू समाज में धर्म जागरण और बुराइयों को दूर करने को लेकर देशभर में मंडल और गांव स्तार पर एक लाख से अधिक जगहों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह खंड और नगर में 11,360 स्थानों पर सामाजिक सद्भाव बैठकें और 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम आगामी दो अक्टूबर, विजयदशमी से शुरू होंगे और एक साल तक चलेंगे। मुख्य कार्यक्रम नागपुर में आयोजित किया जाएगा। श्री आंबेकर ने कहा, वर्ष 2000 में भी संघ ने घर-घर जा कर संवाद करने का कार्यक्रम आयोजित किया था। उस



समय हम करोड़ों घरों और दो लाख से ज्यादा गांवों में पहुंचे थे। इस बार भी गृह संपर्क में अधिकतम घरों, शहरों-बस्तियों में पहुंचा जाएगा। शताब्दी वर्ष का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी स्थानों तक, लोगों और विचारों तक पहुंचने का लक्ष्य है। हर स्तर पर हर कोई इस प्रयास में लगा है कि देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक प्रगति ही पर्याप्त नहीं होगी, जरूरी है कि देश अपने विशेष गुण, अपने मूल्यों के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि हर व्यक्ति की जीवन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हो, साथ ही हर परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा और सद्भाव बना रहे। उन्होंने कहा, ' समाज ऐसी सोच के साथ आगे बढ़ेगा तो सहभागी होगा तो आर्थिक प्रगति समावेशी होगी। उन्होंने तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे कुछ प्रांतों में हाल में उठे भाषा विवाद को लेकर कहा, ल्ल देश की सारी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। हमें अपनी-अपनी भाषा में बात करनी चाहिए।ङ्क वहीं धर्मांतर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि किसी को लालच देकर या किसी अन्य प्रकार का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना गलत है। आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर कुछ विपक्षी नेताओं के बयान के बारे में पूछे गये सवाल के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संघ पर पाबंदी पहले भी लगायी जा चुकी है, लेकिन प्रतिबंध लगाने वालों को कानूनी वाध्यता और जनता के दबाव में प्रतिबंध को वापस लेने पड़े थे।

# शेयर बाजार को लेकर राहुल भय फैला रहे हैं : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शेयर बाजार के बारे में डर और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि इसने लाखों खुदरा निवेशकों के लिए धन सृजन किया है जिन्होंने म्यूचुअल फंड और आईपीओ के माध्यम से इसमें भाग लिया है।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता पर यह पलटवार ऐसे समय किया है, जब गांधी ने हेज फंड जेन स्ट्रीट के खिलाफ बाजार नियामक की कार्रवाई के बाद सेबी पर हमला किया। जेन स्ट्रीट पर सूचकांकों में हेरफ़ेर करने का आरोप है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैंने 2024 में साफ कहा था कि वायदा एवं विकल्प (एफ एंड ओ) बाजार 'बड़े खिलाड़ियों' का खेल बन चुका है, और छोटे निवेशकों की जेब लगातार कट रही है। अब सेबी खुद मान रहा है कि 'जेन स्ट्रीट' ने हजारों करोड़ रूपये की हेरफ़ेर की। उन्होंने सवाल किया कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इतने समय तक चुप क्यों रहा, क्या मोदी सरकार किसी के इशारे पर आंखें मूंदे बैठी थी और कितने बड़े ''शार्क'' अब भी खुदरा निवेशकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं? पलटवार करते हुए मालवीय ने कहा कि सेबी द्वारा एक वैश्विक संस्था पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई स्पष्ट सबूत है कि छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए कड़ी नियामक कार्रवाई की जा रही है जिसे गांधी ''सनसनीखेज'' बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मालवीय ने कहा कि यदि सेबी चुप रहती, जैसा कि गांधी दावा करते हैं, तो कोई जांच नहीं होती, कोई प्रतिबंध नहीं होता, और कोई सुर्खियां नहीं बनती; उनका पूरा आरोप वहीं ध्वस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि गांधी ''बड़ी शार्क'' के बारे में बात करते हैं, लेकिन यह आसानी से भूल जाते हैं कि यह मोदी सरकार के सुधार ही हैं, जिन्होंने सेबी को पहले से कहीं अधिक पारदर्शी, सतर्क और स्वतंत्र बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस के शासन में घोटालेबाजों को खुली छूट थी - हर्षद मेहता, केतन पारेख और यूटीआई घोटाला - ये सब उनकी निगरानी में हुआ, जबकि नियामक आंखें मूंदे रहे। भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार ने मार्च 2025 से बाजार पूंजीकरण में एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़े हैं, जो दुनिया के शीर्ष 10 बाजारों में सबसे अधिक लाभ है और भारतीय शेयर बाजार ने पिछले एक दशक में हर प्रमुख उभरते बाजार से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग 10 वर्षों में 576 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें एयूएम (प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां) आठ लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 54 लाख करोड़ रुपये हो गई है। निवेशकों की भागीदारी एक करोड़ से बढ़कर चार करोड़ से अधिक हो गई है। गांधी पर हमला करते हुए मालवीय ने आरोप लगाया, ''बालकबुद्धि फिर से सक्रिय हो गया है,

# राज्यों के हिसाब से फसलों के लिए योजना बनेगी : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि गेहूं, चावल, मक्के के साथ-साथ दलहन, तिलहन और अन्य फसलों के उत्पादन में तेजी से प्रयास करने होंगे और राज्यों के हिसाब से फसली योजना बनेगी।

उन्होंने कहा मानकों को पूरी नहीं करने वाले बीज, खाद और उर्वरक बेहद गंभीर विषय है। इस पर भी सरकार जल्द ही कड़ा कानूनी प्रावधान लाएगी।

वह यहां राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर के भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि फसलवार बैठकों का क्रम शुरू हो चुका है। सोयाबीन पर मध्य प्रदेश के इंदौर में बड़ी बैठक बुलाई गई है। इसके बाद कपास, गन्ना व अन्य फसलों पर भी विशेष बैठकें होंगी। आगामी 11 जुलाई को कोयम्बटूर में कपास पर सम्मेलन होगा और कपास मिशन पर चर्चा होगी। एक-एक फसल पर राज्य की जरूरतों, जलवायु अनुकूलता और किसानों की आवश्यकताओं के हिसाब से ध्यान दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रबी की फसल से पहले राज्यों के साथ मिलकर 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' से किसानों तक विज्ञान की खोजों ले जाने की कोशिश होगी। आगामी रबी सम्मेलन में अंतिम कार्ययोजना पर काम होगा। चूंकि कृषि राज्य का विषय है इसलिए राज्य सरकारों का सहयोग कृषि के विकास के लिए जरुरी है। उन्होंने जन औषधि केंद्र की तर्ज पर फसल औषधि केंद्र के विचार को आगे बढ़ाने की भी बात की।

# बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई 10 जुलाई को

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि बिहार की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को विचार करेगा।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार को इस मामले में विचार करेगी। बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के इस फैसले पर सवाल उठाये जा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा कई स्वयंसेवी संस्थाएं पुनरीक्षण के लिए निर्धारित समय समेत अन्य व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए आयोग के इस फैसले का खुलकर विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। इसलिए याचिकाकर्ता ने अदालत से गुहार लगाते हुए कहा है कि चुनाव आयोग के गत 24 जून को जारी उक्त आदेश को रद्द कर दिया जाए। याचिकाकर्ताओं कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले, सीपीआई के महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और भाकपा (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य शामिल हैं। इसी प्रकार गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून, 2025 के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है।उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

# गरीब बच्चों के लिए फंड का रोना, मोदी की यात्राओं के खर्च में कमी नहीं : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने कई छात्रों को विदेश इसलिए नहीं भेजा है कि नेशनल ओवरसीज छात्रवृत्ति की निधि में पर्याप्त पैसा नहीं था लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा का सवाल आता है तो इसके लिए पैसे आड़े नहीं आते हैं।

श्री गांधी ने कहा कि जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है - तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है। नेशनला ओवरसीज छात्रवृत्ति में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास फंड नहीं है। लेकिन मोदी जी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाज़ी पर हज़ारों करोड़ रुपये बेहिचक खर्च किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा आरएसएस नेताओं के बच्चों को कहीं पढ़ने पर कोई अड़चन नहीं - मगर जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ता है, पूरा सिस्टम अड़ंगा लगाने लगता है। कहीं सरकारी स्कूलों को कम कर देना, कहीं बेवजह 'उपयुक्त नहीं पाये गये कह कर अवसर के दरवाज़े बंद कर देना तो कहीं मेहनत से हासिल स्कॉलरशिप छीन लेना - ये सिर्फ़ अन्याय नहीं, भाजपा का खुला बहुजन शिक्षा विरोध है। यही मनुवादी सोच आज फिर से एकलव्य का अंगूठा मांग रही है। कांग्रेस नेता ने इसे अमानवीय फैसला बताया और कहा कि मोदी सरकार को यह अमानवीय फ़ैसला तुरंत पलटना होगा और इन 66 छात्रों को विदेश भेजना ही होगा। हम बहुजनों से शिक्षा का यह मौलिक अधिकार छिनने नहीं देंगे।

# मेडिकल शिक्षा में घोटाले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दें नड्डा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि देश में फर्जी तरीके से मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई की प्राथमिकियों से साफ हो गया है कि चिकित्सा कॉलेजों को मान्यता देने में जबरदस्त घोटाला हुआ है और यह फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा की सहमति के बिना संभव ही नहीं है इसलिए श्री नड्डा को जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस नेत्री डॉ ओनिका मेहरोत्रा ने सोमवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कई मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्रदान की गई है। सीबीआई ने 25 जून को प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें कई कॉलेजों के फर्जी होने के प्रमाण मिले हैं। उनका कहना था कि सीबीआई ने दो बड़े घोटाले उजागर किए हैं जिनमें एक एनएमसी में और दूसरा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया में हुआ है और ये दोनों घोटाले कुख्यात व्यापम घोटाले से भी बड़े हैं। इस बार यह सिर्फ मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है बल्कि यह घोटाला राजस्थान, हरियाणा, इंदौर, वारंगल और विशाखापत्तनम तक फैला हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सबसे पहले मध्य प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर व्यापम घोटाले की योजना बनी और फिर पूरे देश में पेपर लीक और भर्ती घोटाले हुए। अब इस ठगी में फर्जी मेडिकल कॉलेज शामिल कर दिये हैं और एनएमसी फर्जी फैकल्टी, फर्जी मरीज, क्लोन फिंगरप्रिंट और छेड़छाड़ की गई बायोमेट्रिक प्रणाली का इस्तेमाल कर फर्जीवाड़े के जरिए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी जा रही है। इस घोटाले में श्री मोदी और श्री नड्डा जिम्मेदार हैं क्योंकि उनकी नाक के नीचे देशभर में मेडिकल घोटाला हो रहे हैं लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार देश भर में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेजों ने रिश्वत, फर्जी रिकॉर्ड और हेराफ़ेरी करके मान्यता प्राप्त की है। उनका कहना है कि जांचकर्ताओं के अनुसार है कि मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की परवाह किए बिना निजी संस्थानों से करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है। उन्होंने इस संबंध में कई मेडिकल कॉलेजों के नाम लिए और कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से जुड़ा एक अलग मामला सामने आया है।

उन्होंने कहा कि इस बारे में दर्ज प्राथमिकी में अनियमितताओं का उल्लेख है। इस घोटाले के केंद्र में एनएमसी मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के पूर्णकालिक एक सदस्य का नाम है जिन्होंने कथित तौर पर हवाला चैनलों और बिचौलियों के माध्यम से करोड़ों रुपये की रिश्वत ली थी।

# मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में क्यूबा, मलेशिया, वियतनाम, अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

एजेंसी

रियो डि जनेरियो/ नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान क्यूबा, मलेशिया और वियतनाम के नेताओं के साथ अलग-अलग 'अच्छी बैठकें' कीं उनसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के सहयोग पर चर्चा की।

श्री मोदी ने इन बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल बरमूडेज़ से मुलाकात के बाद कहा कि मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने कहा, इस बातचीत में हमने कई विषयों पर चर्चा की। आने वाले समय में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में बहुत वृद्धि की संभावना है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी उतने ही आशाजनक हैं। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति डियाज-कैनेल से मुलाकात की



थी, जहाँ क्यूबा विशेष आमंत्रित था। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, विकास साझेदारी, फिनटेक, क्षमता निर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। डिजिटल क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता को स्वीकार करते हुए, राष्ट्रपति डियाज-कैनेल ने भारत के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और यूपीआई में रुचि व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि क्यूबा में आयुर्वेद की बढ़ती स्वीकार्यता निश्चित रूप से एक बड़ी बात है। दोनों नेताओं ने आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने क्यूबा द्वारा आयुर्वेद को मान्यता दिए जाने की सराहना की और क्यूबा की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आयुर्वेद को एकीकृत करने के लिए समर्थन दिया। प्रधानमंत्री ने क्यूबा द्वारा भारतीय फार्माकोपिया को मान्यता दिए जाने का प्रस्ताव रखा, जिससे भारतीय जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित होगी। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, महामारी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों सहित वैश्विक दक्षिण के लिए चिंता के मुद्दों पर काम करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बहुपक्षीय क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने मलेशिया के अपने समकक्ष श्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात के बाद कहा कि मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की महासागर के विचार और 'एक्ट ईस्ट ' (पूरब के देशों के साथ मिल कर काम करने) की नीति में मलेशिया का महत्वपूर्ण स्थान है। श्री मोदी ने कहा कि इस मुलाकात में उन्होंने प्रधानमंत्री इब्राहिम से उनकी भारत यात्रा के बाद से हुई प्रगति सहित अपने द्विपक्षीय संबंधों में शामिल किए गए क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), नवीकरणीय ऊर्जा और बुनियादी ढांचे जैसे भविष्य के क्षेत्र ऐसे हैं जहां द्विपक्षीय संबंध मजबूती से बढ़ रहे हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षी निवेश और व्यापार संबंधों के विस्तार पर भी चर्चा की। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से अच्छी बातचीत हुई।

# पेज एक का शेष

## शांति का समय...

उद्योगों के लिए जबरदस्त अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के उद्योगों को वैश्विक मांग में बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए और निर्यात तथा नवाचार में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा, ल्ल हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय तेजी से लिए जाएँ ताकि हम यहीं भारत में बड़े इंजनों का निर्माण शुरू कर सकें और यह यात्रा भारतीयों के हाथों से शुरू हो। ङ्क उन्होंने उन्नत स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं के निर्माण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। श्री सिंह ने निरंतर बदलती परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शांति का समय एक भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा,ल्ल अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी हमें अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए। अचानक होने वाले घटनाक्रम हमारी वित्तीय और परिचालन स्थिति में पूर्ण बदलाव ला सकते हैं। चाहे वह उपकरण उत्पादन को बढ़ाना हो या वित्तीय प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना हो, हमें हर समय नवीन तकनीकों और उत्तरदायी प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने सरकारी ई- खरीद पोर्टल (जीईएम) के जरिये सार्वजनिक खरीद का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता और निजी क्षेत्र की भागीदारी आसान हुई है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 तक जीईएम के माध्यम से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की है।

## जस्टिस वर्मा केस...

इसी तरह हमारी न्यायपालिका के लिए 14-15 मार्च की रात एक दुर्भाग्यपूर्ण समय रहा। उन्होंने कहा कि एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आधिकारिक आवास से भारी मात्रा में नकदी मिली। यह मामला अब सार्वजनिक डोमेन में है और उच्चतम न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा,ल्ल इस स्थिति में सबसे पहले इसे एक आपराधिक कृत्य मानकर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए था, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के 1990 के दशक के एक निर्णय के कारण विवश है। उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से समस्याओं से जूझने का साहस रखने का आह्वान करते कहा,ल्ल हमें समस्याओं का सामना करने का साहस रखना चाहिए। विफलताओं को तर्कसंगत ठहराने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हम उस राष्ट्र के नागरिक हैं जिसे वैश्विक विमर्श को दिशा देनी है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहाँ शांति और सौहार्द हो। हमें पहले अपने ही संस्थानों के भीतर असहज सच्चाइयों का सामना करने का साहस रखना चाहिए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की वकालत करते हुए उन्होंने कहा,ल्ल मैं न्यायपालिका की स्वतंत्रता का प्रबल पक्षधर हूं। मैं न्यायाधीशों की सुरक्षा के पक्ष में हूं। वे कार्यपालिका के विरुद्ध निर्णय देते हैं,और विधायिका के मामलों को भी देखते हैं। हमें उन्हें तुच्छ मुकदमों से बचाना चाहिए। लेकिन जब कुछ ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर एक स्टोर में 14 मार्च की रात लगी आग में 500 रूपये की आंशिक रूप से जली हुई गड्डियां मिली थी। न्यायमूर्ति वर्मा ने इस मामले में निर्दोष होने का दावा किया है जबकि उच्चतम न्यायालय की आंतरिक जांच समिति ने उनके खिलाफ महाअभियोग चलाये जाने की सिफारिश की है।

## डिप्टी सीएम...

लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मौर्य द्वारा हिंदी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से प्राप्त 'प्रथम', 'मध्यमा' और 'उत्तमा' की डिग्रियां उत्तर प्रदेश सरकार, यूजीसी और एनसीटीई द्वारा क्रमशः हाई स्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक (बी.ए) के बराबर मान्यता प्राप्त नहीं हैं। उन्होंने आरटीआई अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा आयोजित परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, यू.पी के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के बराबर न तो अतीत में मान्यता प्राप्त थीं और न ही वर्तमान में मान्यता प्राप्त हैं। ट्रायल कोर्ट ने 4 सितम्बर, 2021 को त्रिपाठी के परिवाद खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की। शुरू में, यह याचिका 318 दिनों की देरी के कारण खारिज कर दी गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 6 जनवरी, 2025 को हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को योग्यता के आधार पर तय करने का निर्देश दिया। इस पर फिर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। राज्य सरकार व केशव मौर्य के वकीलों ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता का आवेदन विचारणीय नहीं है, क्योंकि धोखाधड़ी या जालसाजी के अपराधों के लिए धोखाधड़ी के इरादे का अभाव है। कथित अपराधों की प्रकृति को देखते हुए, याचिकाकर्ता को जो एक तीसरा पक्ष है, को कोई सीधा, व्यक्तिगत या विशिष्ट चोट नहीं पहुंची है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग, प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार या इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन इस आपराधिक पुनरीक्षण में पक्षकार नहीं हैं। कोर्ट ने अपने विश्लेषण में कहा कि याचिकाकर्ता के आरोप किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं करते हैं। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि हिंदी साहित्य सम्मेलन की डिग्रियों की हाईस्कूल योग्यता के बराबर होने का प्रश्न एक प्रशासनिक या नियामक विवाद है जिसे शैक्षणिक अधिकारियों द्वारा हल किया जा सकता है, न कि आपराधिक धोखाधड़ी के आरोपों के माध्यम से। न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट के 4 सितम्बर, 2021 के आदेश को सही ठहराया और कहा कि इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।ल्ल इस फैसले के साथ, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में केवल वही पक्ष आपराधिक शिकायत दर्ज कर सकता है जो सीधे तौर पर पीड़ित हो।

## टर्किश कंपनी भारत...

एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया ने सरकार की ओर से सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के एक दिन बाद दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सेलेबी ने कहा था कि सुरक्षा मंजूरी रद्द करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। ऐसा बिना किसी पूर्व सूचना, सुनवाई या उचित कारण के किया गया।

## परिषदीय स्कूलों के...

मर्जर नहीं, बल्कि स्कूल पेयरिंग की प्रक्रिया है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकेगी। यह भी बताया गया कि राज्य में कई प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी छात्र नहीं है। ऐसे में इन स्कूलों को पास के विद्यालयों में मिलाकर शिक्षकों और सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

## योगी अयोध्या...

(मानव संसाधन विकास) एचवी गिरीश नगर विकास, गृह, रक्षा, श्रम विभाग से अभियान की सफलता को लेकर को-ऑर्डिनेट कर रहे हैं। वन संरक्षक (लुप्तप्राय) मनोज सोनकर को महाभियान को सफल बनाने की बेसिक, माध्यमिक, उच्च व प्राविधिक शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# बिहार पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

■ एयरपोर्ट देख कर ही पता चलता है कि पटना का विकास हो रहा है : अश्विनी वैष्णव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे। इस दौरे के दौरान उन्होंने कई रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही स्टेशन विकास योजनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और कामकाज की समीक्षा भी की। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, सोनपुर मंडल के डीआरएम और पूर्व मध्य रेल के जनरल मैनेजर भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर पहुंचते ही रेल मंत्री ने पहले पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पटना एयरपोर्ट के अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सोनपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। एयरपोर्ट पर पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट देख कर ही पता लग रहा है कि पटना समेत पूरे बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के जनरल मैनेजर, सोनपुर मंडल के डीआरएम और दरभंगा से भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर की भी उनके साथ उपस्थिति रही। रेल मंत्री ने लगभग 10 बजे हाजीपुर जंक्शन का दौरा किया और उसके बाद दिघा घाट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए वे कर्पूरीग्राम स्टेशन की ओर रवाना हुए। दिघा घाट स्टेशन पर अधिकारियों ने लकड़ी की सीढ़ी से ट्रेन में चढ़ने की व्यवस्था की थी। लेकिन रेल मंत्री ने आम यात्रियों की तरह खुद ट्रेन कोच में चढ़कर निरीक्षण किया। समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम स्टेशन पर रेल मंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और स्टेशन पुनर्विकास तथा रोड अंडर ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं और स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों का फील्ड निरीक्षण कर ज़मीनी हकीकत की जानकारी भी ली।

# दिल्ली में हेरोइन तस्करी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी में सक्रिय एक अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1,053 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच करोड़ से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त सफ़ेद रंग की एक मारुति सुजुकी बलेनो कार भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बदायूं जिले (उप्र) से ड्रग्स की एक बड़ी खेप दिल्ली लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने प्रवेश चंद्र अस्पताल के पास जाल बिछाया। मौके पर पहुंची सफ़ेद बलेनो कार से ड्रग्स डील करते हुए दो तस्करों अनस खान और सुधीर कुमार उर्फ रितिक को हिरासत में लिया। उनकी तलाशी में 527 ग्राम और 526 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार बरामद हेरोइन की कुल मात्रा 1,053 ग्राम है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह बदायूं (उप्र) के निवासी अवनीश से हेरोइन की खेप मंगवाता था। इसके बाद अनस खान और सुधीर कुमार उसे दिल्ली और एनसीआर में वितरित करते थे। अनस खान इस नेटवर्क का मुख्य संचालक था जबकि सुधीर कुमार लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी का काम देखता था।

# भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों के साथ किया विश्वासघात: कुमारी सैलजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। कंग्रेस महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा 6.36 लाख से अधिक गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर कर खाद्य आपूर्ति और अन्य सरकारी लाभों से वंचित करना अत्यंत निंदनीय निर्णय है। यहां मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के फरीदाबाद, पानीपत और करनाल जिलों में सबसे अधिक बीपीएल कार्ड काटे गये हैं। केवल फरीदाबाद में ही 20,266 कार्ड रद्द किये गये हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी नीति पर चल रही है। अप्रैल से जून तक केवल तीन महीनों में 6.36 लाख परिवारों को अचानक अमीर घोषित कर दिया गया, जो एक गरीब विरोधी निर्णय है। अब सरकार दावा कर रही है कि प्रदेश में जून माह में 48 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनकी आय 1.80 लाख रुपये से कम है। मई में यह आंकडा 49.22 लाख था, तीन माह में सरकार ने छह लाख 36 हजार 136 बीपीएल कार्ड काट दिये हैं, मई माह में सबसे ज्यादा 3.27 लाख राशन कार्ड काटे गये। पानीपत में 15502, करनाल में 15059, अंबाला में 14501, सोनीपत में 12698, सिरसा में 7896, कुरूक्षेत्र में 10278 राशन कार्ड काटे गये। कुमारी सैलजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछा कि क्या सरकार के लिए 1.80 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवार अब संपन्न हो गये हैं? उन्होंने कहा कि अगस्त माह से इन परिवारों को राशन तक नहीं मिलेगा, जो सीधे-सीधे उनकी रोटी छीनने के समान है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सभी काटे गये बीपीएल कार्डों की तत्काल समीक्षा की जाये, जिन परिवारों की वास्तविक स्थिति गरीबी रेखा के नीचे है, उन्हें फिर से सूची में शामिल किया जाये, इस मनमाने फैसले के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं से जवाब मांगा जाये।

# आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड को पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार करे चुनाव आयोग : तेजस्वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक तापमान पूरे उबाल पर है। खासकर विपक्षी पार्टियां इसे मुद्दा बनाये हुए है। सोमवार को महागठबंधन की ओर से एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग (ईसी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड को पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और वंचित तबकों के पास अक्सर वही दस्तावेज होते हैं। इसलिए आयोग को चाहिए कि वह इन दस्तावेजों को भी वैध माने। तेजस्वी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बीते दिन हमने एक प्रतिनिधिमंडल के तौर पर चुनाव आयोग से मुलाकात की थी लेकिन हमारे किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। आयोग एक ही दिन में तीन अलग-अलग दिशानिर्देश जारी कर देता है। इससे मतदाता भ्रमित हो रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि, छह जुलाई को ईसी ने विज्ञापन निकाला। उसी दिन तीन अलग-अलग विज्ञापन के माध्यम से अलग-अलग जानकारियां दी गईं। एक विज्ञापन में कहा गया कि अगर आपके पास फोटो या पहचान पत्र नहीं है, तब भी गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। लेकिन दूसरे विज्ञापन में कुछ और लिखा है और तीसरे में कुछ और। उन्होंने कहा कि ईसी अपने फ़ेसबुक पोस्ट के जरिए भी अलग-अलग जानकारी दे रहा है। इससे मतदाता और लोकतंत्र की पवित्र प्रक्रिया के प्रति गहरा अविश्वास पैदा हो रहा है। तेजस्वी ने कहा कि हमारी कुछ मांगें हैं। पहली मांग है कि भारतीय निर्वाचन आयोग तत्काल इस मामले में लिखित और आधिकारिक आदेश जारी करें। दूसरी मांग है कि किसी भी विज्ञापन या फ़ेसबुक पोस्ट की जगह राज्य पत्र अधिसूचना या सार्वजनिक अधिसूचना के द्वारा नीति बताई जाए। तीसरी मांग बिना दस्तावेज प्राप्त फॉर्म की दुरुप्रयोग की आशंका को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र निगरानी तंत्र बनाया जाए। इसके अलावे मतदाता नामांकन हटाने की प्रक्रिया में पूर्व पारदर्शिता और राजनीति निरपेक्षता सुनिश्चित हो। विपक्ष एवं जनता द्वारा उठाए जा रहे सवाल, शिकायत और गंभीर आरोपों का बिंदुबर जवाब दें।

## पंजाब में उद्योगों की अनदेखी की जा रही है: अरविंद खन्ना

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना ने सोमवार को राज्य में बिगड़ते औद्योगिक माहौल पर चिंता जताते हुए सरकार पर पूर्ण उदासीनता का आरोप लगाया। श्री खन्ना ने कहा कि पंजाब के छोटे और मध्यम उद्योगों को सीमा बंद होने और बिजली कटौती से लेकर स्पष्ट औद्योगिक नीति की अनुपस्थिति तक, लगातार उत्पीड़न और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लाडोवाल टोल प्लाजा जैसे प्रमुख बिंदुओं पर मासिक वाहन पास जारी करने में सरकार की विफलता ने रसद बोझ को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, अनुचित निरीक्षण, फर्जी नोटिस और प्रशासनिक हस्तक्षेप ने औद्योगिक विकास के लिए प्रतिकूल माहौल पैदा कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो उद्योगपति विरोध करने के लिए मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, पंजाब में बेरोजगारी और नशीली दवाओं की समस्या को हल करने के लिए उद्योग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन राज्य सरकार इसके समर्थन के लिए बहुत कम काम कर रही है।

## दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी में सड़क सुरक्षा को लेकर एक व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देना है, बल्कि सभी सड़क उपयोगकर्ताओं जैसे साइकिल, ऑटो, टैक्सी चालक, होटल स्टाफ, बस चालक और पैदल यात्रियों में जिम्मेदार और सुरक्षित यात्रा की संस्कृति विकसित करना भी है। चंदगी राम अखाड़ा जैसे व्यस्त चौराहों पर ऑन-ग्राउंड ड्राइव आयोजित की गईं। जिनमें 2100 से अधिक लोगों से सीधा संवाद किया गया। पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने और सड़क अनुशासन बनाए रखने जैसे विषयों पर जानकारी दी।साइकिल चालकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यानइसी क्रम में साइकिल चालकों के लिए साइकिल दृश्यता अभियान चलाया गया।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने 7468 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 7,468 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से मोना कुमारी, नीलू कुमारी, अमृता कुमारी, प्रिया सिन्हा एवं रीमा कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा कि मेरा विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम में विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र पानेवालीं एएनएम उपस्थित थीं।

# अबोहर में कपड़ा व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के अबोहर में सोमवार की सुबह कपड़ा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। व्यापारी आज सुबह अपने शोरूम न्यू वियरवेल पहुंचे थे। इस घटना के बाद लॉरेंस गैंग के आरजू बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा अपनी कार से शोरूम के बाहर पहुंचे थे। वहां पंजाब नंबर की लाल रंग की स्प्लेंडर बाइक पर बैठे तीन हमलावर संजय वर्मा के आने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही संजय वर्मा कार से उतरे तभी हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। संजय वर्मा को कई गोलियां लगने के बाद खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर गए थे। घटना के बाद बदमाश एक बाइक छीनकर भागे, लेकिन कुछ दूरी पर उन्होंने बाइक छोड़कर एक गाड़ी से फरार हो गए। दिन दहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीयलोगों ने गंभीर रूप से घायल संजय वर्मा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। फाजिल्का के एसएसपी गुरमीत सिंह ने बताया कि संजय वर्मा की छाती पर गोलियां लगी हैं। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को आरोपितों के बारे में कुछ लीड मिली है। उस पर काम करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी वीडियो कब्जे में लिया है।

# कारगिल विजय दिवस मनाने की सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करें : पीएस चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। कारगिल विजय दिवस को शौर्य विजय दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पीएस चौहान के अध्यक्षता में आज जिला सभागार में बैठक आयोजित की गई।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसके लिए कार्यक्रम को भव्यता के साथ आयोजित किए जाने के लिए जिस विभाग से जो भी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जानी है, समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को कारगिल में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों एवं उनके परिजनों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए रुड़की क्षेत्र के शहीद सैनिकों के परिजनों को लाने ले जाने के लिए उप जिलाधिकारी रुड़की को नोडल अधिकारी तथा ज्वालापुर हरिद्वार के लिए उपजिलाधिकारी हरिद्वार कों नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर साज-सज्जा की उचित व्यवस्था करने के निर्देश जिला उद्यान अधिकारी को दिए। इसके साथ ही कारगिल विजय दिवस के संबंध में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। खेल विभाग को हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की है कि जिनके स्तर से जो भी व्यवस्थाएं सहयोग उपलब्ध कराया जाना है वह समय से किए जाए ताकि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जा सके । इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक आशुतोष भंडारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नेहा झा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली निजीकरण के खिलाफ 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल : दुबे

चंडीगढ़। अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने सोमवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की निजीकरण नीतियों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों के जारी निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति ने नौ जुलाई को देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। समिति उत्तर प्रदेश में निजीकरण की प्रक्रिया को रोकने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप की भी मांग कर रही है। एआईपीईएफ के मीडिया सलाहकार वीके गुप्ता ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर के बिजली क्षेत्र के कर्मचारी भारी संख्या में हड़ताल में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बिजली के निजीकरण पर सवाल उठाए हैं। समिति का कहना है कि लाइन लॉस 40 प्रतिशत से घटकर 15.54 प्रतिशत होने के बावजूद निजीकरण क्यों किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर उद्योगपतियों को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने निजीकरण के ख़िलाफ़ जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी है। श्री दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने निजीकरण के लिए अब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) को निशाना बनाया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063